नई दिल्ली
गुरुवार 4 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 46
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26.0
न्यून. 22.0

haribhoomi.com


# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी
9




ALLEN
ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
OUR PRIDE
RESULT: JEE ADVANCED 2026
THE TOP 100
AIR 11 Nikunj Agrawal Classroom Course
AIR 12 Aryan Ragupathy Classroom Course
AIR 14 Prince Choudhary Classroom Course
AIR 16 Tanay Agarwal Classroom Course
AIR 18 Riddhesh Bendale Classroom Course
AIR 19 Shaswat Banerjee Classroom Course
AIR 25 Madhav S. Notani Classroom Course
AIR 27 Abhipraya Verma Classroom Course
AIR 29 Bhavesh Patra Classroom Course
AIR 30 Amrit Raj Classroom Course
AIR 32 Mahroof Ahmed Khan Classroom Course
AIR 33 Koustubh Deshpande Classroom Course
AIR 41 Snehal Roy Choudhury Classroom Course
AIR 43 Shaurya Khemka Classroom Course
AIR 44 Yash Yadav Classroom Course
AIR 46 Surya Kanti Ghosh Classroom Course
ONLINE CHAMPION
AIR 52 Yashwardhan Online Classroom Course
AIR 48 Nathan Jais Classroom Course
AIR 50 Keshav Mangal Classroom Course
AIR 55 Parth Maheshwary Classroom Course
AIR 57 Piyush K. Dhakar Classroom Course
AIR 59 Sushant K. Agarwal Classroom Course
AIR 68 Anvesh Patel Classroom Course
AIR 69 Prakhar Sharma Classroom Course
AIR 70 Sneham Palangdar Classroom Course
AIR 71 Praneel Debnath Classroom Course
AIR 72 Nishkarsh Singh Classroom Course
AIR 77 Arohi Deshpande Classroom Course
AIR 79 Badekai V. Krishna Classroom Course
AIR 82 Kovid Boob Classroom Course
AIR 84 Arnav Jain Online Test Series
AIR 85 Aditya G. Wagh Classroom Course
AIR 97 Atishay Jain Classroom Course
AIR 98 Anshu Classroom Course
AIR 99 Ruchit Agrawal Classroom Course
41 STUDENTS IN TOP 100
ALLEN DELHI CHAMPIONS
In Just 3 Years, ALLEN Delhi has become a Benchmark for Results!
DELHI-NCR TOPPER
AIR 10 Darsh Sikka Classroom Course
AIR 59 Sushant Kr. Agarwal Classroom Course
AIR 72 Nishkarsh Singh Classroom Course
AIR 109 Rishit Garg Classroom Course
AIR 187 Arnav Girish Ghatti Classroom Course
AIR 205 Divyansh Narang Classroom Course
AIR 208 Atharva Panjabi Classroom Course
AIR 212 Anay Jain Classroom Course
AIR 284 Shashwat Jain Classroom Course
AIR 346 Anant Padia Classroom Course
AIR 362 Parnav Sharma Classroom Course
AIR 379 Pranjal Roy Classroom Course
AIR 403 Raghav Bansal Classroom Course
AIR 419 Medhansh Shekhar Classroom Course
AIR 471 Tarun Kumar Classroom Course
AIR 501 Arjun Singh Classroom Course
AIR 590 Sahaj Gupta Classroom Course
AIR 612 Krishna Rathi Classroom Course
AIR 662 Anish Anand Classroom Course
AIR 674 Anant Kumar Classroom Course
AIR 680 Mayank Choudhary Classroom Course
AIR 692 Love Chahar Classroom Course
AIR 704 Vidit Mendiratta Classroom Course
AIR 725 Ayush Kumar Jha Classroom Course
AIR 743 Lakshya Sharma Classroom Course
AIR 751 Vidhaan Srivastava Classroom Course
AIR 793 Govind Bansal Classroom Course
AIR 832 Bhargav Classroom Course
AIR 842 Vidush Jain Classroom Course
AIR 851 Lakshya Gaur Classroom Course
AIR 972 Gopal Saxena Classroom Course
3 Students in Top 100 AIR
31 Students in Top 1000 AIR
A HISTORIC HAT-TRICK OF
AIR 1
IN JEE ADVANCED
AIR 1 2026
AIR 1 2025
AIR 1 2024
Shubham Kumar Classroom Course
Rajit Gupta Classroom Course
Ved Lahoti Classroom Course
As per result compiled till 02 June 2026 (03:00PM)
THEY MADE IT POSSIBLE WITH ALLEN, NOW IT'S YOUR TURN.
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
TEST DATES
7 & 14 JUNE
ALLEN STUDY CENTRES IN DELHI NCR:
Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC | Ghaziabad-Vasundhara | Gurugram | Janakpuri
Kalu Sarai | Lajpat Nagar | Malviya Nagar | Noida | Greater Noida West | NSP | Preet Vihar
Punjabi Bagh | Rewari
95136 85900
allen.ac.in/delhi
Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

नई दिल्ली, गुरुवार 4 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष- 04 ■ वर्ष : 30, अंक : 46 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 26 न्यून.22 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# मालवीय नगर के होटल में आग विदेशी नागरिकों समेत 21 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में स्थित होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई। इसमें 21 लोगों की मौत की पुष्टि पुलिस व दमकल विभाग द्वारा की गई है। मरने वालों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल बताये गये हैं, जिनके बीमार रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज चल रहा था। इस अग्निकांड में करीब 40 लोगों को रेस्क्यू करवाया गया था। दिल्ली पुलिस ने आग के संबंध में होटल मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल होटल मालिक फरार बताया जा रहा है। एमसीडी ने मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। मालवीय नगर के हौज रानी स्थित 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' में सुबह करीब 8:30 बजे आग लगने की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को मिली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की भयावहता को देखकर स्थानीय लोग भी स्तब्ध रह गए। कई स्थानीय लोगों सहित बचावकर्मी पांच मंजिला संकरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 40 लोगों को इमारत से निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां 21 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। कई घायलों की हालत गंभीर होने के ▶▶ शेष पेज 8 पर

### संकरी गलियों की वजह से बचाव अभियान में हुई देरी

*जिस इलाके में यह होटल है वहां काफी संकरी गलियां है। लटकते तार और तंग इमारतें बेतरतीब ढंग से एक-दूसरे से सटी हुई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा, पुलिस और आपदा राहत इकाइयों की टीमों को आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग इतनी भयावह थी कि पूरी इमारत काली पड़ चुकी है। घटना में जीवित बचे लोगों की तलाश देर शाम तक भी की जा रही थी। दमकल विभाग द्वारा पीड़ितों को तहखाने से बाहर निकालने में पसीने छूट गये। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पतालों में ले जाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।*





### दिल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया, होटल मालिक गिरफ्तार

*होटल अग्निकांड को लेकर दिल्ली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। वहीं होटल का मालिक लवकेश बजाज को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली सरकार ने भी फायर सेफ्टी नियमों की जांच के आदेश दिये गये है जोकि तीन दिन के भीतर रिपोर्ट देगी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जो मुख्य रूप से मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। कम से कम 26 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इमारत से निकाले गए लोगों में उन मरीजों के रिश्तेदार भी शामिल हैं जिनका इलाज पास के एक मैक्स अस्पताल में चल रहा था।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 15 से खुलेंगे भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के 'कपाट'

**पुणे।** भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल महाराष्ट्र के पुणे स्थित प्रसिद्ध भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी है।



करीब पांच महीने से बंद इस मंदिर के कपाट आगामी 15 जून 2026 से दोबारा खोल दिए जाएंगे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, सुचारू दर्शन व्यवस्था की गई है।

### वायरल गर्ल को माना बालिग, मिली राहत

**भोपाल।** केरल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए देश भर में चर्चा का विषय बनी वायरल गर्ल मोनालिसा को प्रथम दृष्टया बालिग माना है।



इसके साथ ही अदालत ने उसके पति को एक महीने की ट्रांजिट बेल (अग्रिम जमानत के लिए समय) दे दी है। इस आदेश के बाद अब अगले एक महीने तक मप्र पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी।

### छग के पूर्व आईएएस बीकेएस रे का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और 1972 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बीकेएस रे का निधन हो गया।



उनके अवसान से प्रशासनिक और साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। 1 जून 1949 को जन्मे रे ने प्रशासनिक सेवा में अहम जिम्मेदारियां निभाईं और साल 2009 में सेवानिवृत्त के बाद 50 से अधिक किताबें लिखीं।


### बोला विदेश मंत्रालय, नागरिक आबादी, इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

# कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले में हुई एक भारतीय की मौत, कई अन्य घायल, एमईए ने की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में चल रहे भीषण युद्ध के बीच बुधवार को ईरान द्वारा कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर किए गए ड्रोन हमले में एक भारतीय की मौत हो गई है। जबकि कई अन्य लोग घायल हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर इस हमले की सख्त अंदाज में निंदा करते हुए कहा कि इस साल 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत ने लगातार सभी पक्षों से मजबूती के साथ यह आग्रह किया है कि किसी भी रूप में नागरिक आबादी और उनसे जुड़े हुए बुनियादी ढांचों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। अब इस घटना के सामने आने के बाद हम एक बार फिर से ऐसे हमलों को तुरंत रोकने का आह्वान करते हैं। वहीं, हमले की इस घटना की जानकारी 3 जून को कुवैत स्थित भारतीय दूतावास द्वारा एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए दी गई। जिसके बाद विदेश मंत्रालय का यह बयान सामने आया है।

### समूचे क्षेत्र में अलर्ट पर हैं हमारे मिशन, भारतीय समुदाय के लोगों तक पहुंचा रहे हर संभव सहायता



### अलर्ट पर कूटनीतिक ठिकाने

मंत्रालय ने यह भी कहा कि क्षेत्र में मौजूद देश के सभी राजनयिक मिशन और पोस्ट अलर्ट की मुद्रा में हैं और वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों तक पूरी सक्रियता के साथ हर जरूरी सहयोग, सहायता प्रदान कर रहे हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति विदेश मंत्रालय ने अपनी गहन संवेदनाएं जताई हैं। साथ ही बताया कि हमले में घायल हुए लोगों तक सभी प्रकार की मदद पहुंचाई जा रही है। मंत्रालय भारतीय नागरिकों के कल्याण और उनके हितों की रक्षा करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में बना हुआ है।

### युद्ध के बीच मारे गए 9 भारतीय

इस युद्ध के बीच अब तक भारत के कुल 9 नागरिकों की मौत हो चुकी है। जबकि एक अन्य लापता है। 8 भारतीय क्षेत्र के अलग-अलग भागों में बीते वक्त में हुए हमलों में जान गंवा चुके हैं। जबकि 1 भारतीय की मौत का मामला कुवैत हवाईअड्डे पर हुए हमले से जुड़ा हुआ है। पश्चिम-एशिया से लेकर खाड़ी में रहने वाले देश के लोगों की कुल अनुमानित संख्या 1 करोड़ है। जिनकी सुरक्षा और कल्याण को केंद्र सरकार ने अपनी प्राथमिकता बताया है।

### दूतावास की पोस्ट का सार

*कुवैत में भारतीय दूतावास की एक्स पोस्ट के मुताबिक, इस हमले में 1 भारतीय की मौत हुई है। जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। देश के नागरिक की मौत पर दूतावास ने शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही कहा है कि वो शोकाकुल परिवार के अलावा कुवैत के अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में बना हुआ है। जिससे पीड़ित परिवार और घायलों तक हर संभव सहायता प्रदान की जा सकेगी।*

### कुवैत ने बंद किया एयरस्पेस

*ईरान ने अपने ड्रोन हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-1 यात्री भवन को निशाना बनाया था। हमले के तुरंत बाद कुवैत के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने तत्काल प्रभाव से अपने देश की हवाई सीमा (एयरस्पेस) को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। हमले में घायलों की संख्या 63 बताई जा रही है।*

### इंडिगो ने रोकी उड़ान सेवाएं

*उधर, भारत की बड़ी विमानन क्षेत्र की कंपनी इंडिगो ने कुवैत आने-जाने वाली अपनी सभी उड़ानों को गुरुवार 4 जून की दोपहर 12 बजे तक के लिए निलंबित कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, उसका यह फैसला यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। हमें इस बात का पूरा भान है कि हमारे इस निर्णय से यात्रियों को कुछ असुविधा जरूर होगी, उनकी योजनाओं पर भी असर पड़ेगा। कंपनी इसके लिए खेद प्रकट करती है। लेकिन हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को बनाए रखना है। एयरलाइंस की हालात पर पैनी नजर बनी हुई है। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, सुरक्षित हवाई मार्ग मिलेगा। कंपनी पुनः अपने हवाई संचालन की शुरुआत करेगी।*

### पश्चिम बंगाल में ममता को लगा बड़ा झटका, बागी गुट ने ऋतब्रत बनर्जी को चुना विपक्ष का नेता

# ममता दीदी हमारी सलाहकार बनें और हमें अपना मार्गदर्शन देती रहें: संदीपान साहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में फूट पड़ गई है। इस विभाजन के बाद ऋतब्रत बनर्जी विपक्ष के नेता चुने गए हैं। ऋतब्रता बनर्जी ने बुधवार को जावेद खान, संदीपान साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा को टीएमसी विधायक दल का उपनेता नियुक्त करने की घोषणा की। यह घोषणा पार्टी और पश्चिम बंगाल विधानसभा में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच हुई है। टीएमसी से निष्कासित नेता संदीपान साहा ने कहा कि हमने अभी-अभी पत्र जमा किया है। विपक्ष के नेता (एलओपी) के लिए निर्धारित कमरा आधिकारिक तौर पर आवंटित कर दिया गया है। एलओपी फिलहाल वहीं बैठे हैं। हमारी इच्छा है कि ममता दीदी हमारी सलाहकार बनी रहें और हमें अपना मार्गदर्शन देती रहें ताकि हम एलओपी और मुख्य सचेतक के साथ मिलकर विधानसभा में पार्टी को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकें। पार्टी की जो दयनीय स्थिति है, उसमें कुछ हद तक अभिषेक बनर्जी की विफलता है। आखिर, अगर आप सफलता का श्रेय लेते हैं, तो असफलता की जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी चाहिए। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि टीएमसी विधायक दल में पार्टी चिन्ह पर चुनाव जीतने वाले 58 विधायक और दो अन्य विधायक शामिल हैं, जिनके हमारे साथ जुड़ने की संभावना है। जावेद अहमद खान, संदीपान साहा, सबीना यास्मीन और सेउली साहा टीएमसी विधायक दल के उपनेता होंगे। रितब्रता बनर्जी ने आगे कहा कि हम बंगाल सरकार की उन नीतियों का विरोध करेंगे जो हमें सही नहीं लगतीं, लेकिन सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध नहीं करेंगे। हम ममता बनर्जी से टीएमसी विधायक दल के मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाने का अनुरोध करते हैं। संसदीय मानदंडों के अनुसार, पश्चिम बंगाल विधानसभा में हम वास्तविक और मुख्य विपक्षी दल हैं। टीएमसी से निष्कासित होने के एक दिन बाद, बागी विधायक ऋतब्रता बनर्जी विधानसभा पहुंचे और अध्यक्ष को 58 सदस्यों के हस्ताक्षरों वाला एक संयुक्त पत्र सौंपकर विपक्ष के नेता पद के लिए अपना नाम प्रस्तावित किया। उनके साथ अरूप रॉय, शिउली साहा और अखरुज्जमान समेत कई विधायक मौजूद थे, जिन्होंने विधानसभा अधिकारियों के समक्ष अपना दावा पेश किया। ▶▶ शेष पेज 8 पर

### मुख्यमंत्री सैनी की 'गो ग्लोबल' अप्रोच को मिली नई गति एमडीएच के साथ हुआ करार

# अब तंजानिया, केन्या सहित अफ्रीकी देशों में खेती और कारोबार कर सकेंगे हरियाणा के किसान

- मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 6 एफपीओ ने किए समझौते पर हस्ताक्षर
- मोरनी में होगी अदरक, हल्दी और मिर्च सहित विभिन्न मसाला फसलों की खेती
- शुरूआती चरण में 4 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती प्रारंभ करने की बनाई योजना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिनसे किसान आधुनिक कृषि तकनीकों, नए बाजारों और वैश्विक अवसरों से जुड़ सकें। इसी के तहत उन्होंने 'गो ग्लोबल' अप्रोच को नई गति दी है। जिसके तहत अब हरियाणा के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तंजानिया, केन्या सहित अन्य अफ्रीकी देशों में भी खेती और कृषि कारोबार के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। पंचकूला के मोरनी में मुख्यमंत्री सैनी की उपस्थिति में देश की प्रतिष्ठित मसाला कंपनी एमडीएच और हरियाणा के छः किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के बीच महत्वपूर्ण करार हुआ। विदेश सहयोग विभाग और बागवानी विभाग द्वारा क्रियान्वित इस पहल का उद्देश्य किसानों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना, उनकी आय बढ़ाना तथा कृषि क्षेत्र में नए अवसर सृजित करना है। संवाद कार्यक्रम के दौरान सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार के बजट में मोरनी क्षेत्र को ▶▶ शेष पेज 8 पर

### कर्नाटक में 'शिवकुमार राज', सीएम बने

# संविधान हाथ में लेकर शपथ, जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने

- सिद्धारमैया के बेटे समेत 13 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली
- सोनिया गांधी ने शपथ लेने से पहले डीके को फोन पर बधाई दी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। डीके शिवकुमार ने हाथ में संविधान की किताब लेकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 13 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। जी परमेश्वर ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस कर्नाटक में चार डिप्टी सीएम बना सकती है। लेकिन, पार्टी ने जी परमेश्वर को ही डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई। डीके शिवकुमार के साथ शपथ लेने वाले नेताओं में सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया और ▶▶ शेष पेज 8 पर

### शपथ में राहुल-खरगे शामिल हुए

*नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा केरल, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। सोनिया गांधी ने शपथ लेने से पहले डीके शिवकुमार को फोन पर बधाई दी।*

### आरबीआई ने दिया देश को स्पष्टीकरण

# सोना बेचने के सारे दावे फर्जी 880.52 टन स्वर्ण भंडार सेफ

ब्लूमबर्ग के हवाले से ऐसा कहा गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक ने उन मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह खारिज और भ्रामक करार दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने अपने गोल्ड रिजर्व (स्वर्ण भंडार) का एक हिस्सा बेच दिया है।

आरबीआई ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उसके पास मौजूद भौतिक सोने का भंडार पहले की तरह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है और इसमें किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस मामले पर पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने भी तुरंत स्पष्टीकरण जारी किया। पीआईबी ने सोशल मीडिया पर बताया कि जिन रिपोर्टों में आरबीआई द्वारा लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचने का दावा किया जा रहा है, वे पूरी तरह फर्जी हैं। दरअसल, हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में ब्लूमबर्ग का हवाला देते हुए यह अनुमान लगाया गया था कि आरबीआई ने 22 मई तक के दो सप्ताह के भीतर लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां खरीदी हो सकती हैं। इस रिपोर्ट के सामने आते ही बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं और चिंताएं शुरू हो गई थीं, जिन पर अब देश के केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह विराम लगा दिया है।

### इस साल वायुसेना के स्थापना दिवस समारोह में आकर्षण का केंद्र बनेगा 'उत्तर प्रदेश'

# राज्य के हिंडन एयरबेस पर परेड और वाराणसी में होगा 'विमानों' का अद्भुत 'फ्लाईपास्ट'

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

इस वर्ष भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को अपनी स्थापना की 94वीं वर्षगांठ मनाएगी। जिसकी खास बात यह होगी कि इससे जुड़े हुए सभी महत्वपूर्ण आयोजन उत्तर-प्रदेश में आयोजित किए जाएंगे। वायु-योद्धाओं का भव्य परेड समारोह गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर होगा। जबकि वायुसेना के तमाम विमान और हेलीकॉप्टर सूबे में स्थित वाराणसी के आसमान को अपने हवाई करतब से गुंजायमान करेंगे। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि परेड में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और वायुसेनाप्रमुख सहित अन्य सशस्त्र सेनाओं जैसे थलसेना और नौसेना के प्रमुखों की भागीदारी देखने को मिलेगी। रक्षा मंत्री की मौजूदगी भी रह सकती ▶▶ शेष पेज 8 पर

### देशभर के लोगों को मिलता रोमांचक अनुभव

*पहले वायुसेना दिवस से जुड़े यह दोनों कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी में ही होते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चार साल पहले वर्ष 2022 में इसमें तब्दीली की गई थी। जिसके हिसाब से अब वायुसेना अपने स्थापना दिवस समारोह को दो भाग में दिल्ली के बाहर किसी स्थान पर आयोजित कर रही है। इस बदलाव के पीछे पीएम की सोच यही है कि इस अहम समारोह को देश के बाकी भागों में रहने वाले लोग भी प्रत्यक्ष रूप से देखकर का लुत्फ उठा सकें और उन्हें भी वायुसेना को और अधिक करीब से जानने का मौका मिले।*

### आदर्श वाक्य, ध्वज की खासियत

*वायुसेना का आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम है। जिसका अर्थ गौरव के साथ आकाश को छूना है। इसे श्रीमद्भागवत गीता के 11वें अध्याय से लिया गया है। जबकि वायुसेना के ध्वज का मुख्य रंग नीला है। जिसके ऊपरी बाएं कोने में राष्ट्रीय ध्वज, ऊपरी दाएं कोने में वायुसेना के क्रेस्ट को शामिल किया गया है। ध्वज के निचले दाएं हिस्से में वायुसेना का गोल प्रतीक मौजूद है। बल के प्रतीक चिन्ह के सबसे ऊपर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक सिंह हैं और उसके नीचे देवनागरी लिपि में सत्यमेव जयते लिखा है। इसके ठीक नीचे पंख फैलाए हुए एक हिमालयी चील है। चील के चारों ओर हल्के नीले रंग का एक गोलाकार घेरा है। जिस पर देवनागरी में भारतीय वायुसेना लिखा है।*

## खबर संक्षेप



### मल्टी लेवल मार्केटिंग फ्रॉड केस का मास्टरमाइंड अरेस्ट

**नई दिल्ली।** आर्थिक अपराध शाखा ने राजमुद्रा फ्यूचर निधि लिमिटेड और मल्टी लेवल मार्केटिंग धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड अंकुर ज्योति सैकिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स को जांच और अदालती कार्यवाही से लगातार बचने के बाद इसी साल 24 मार्च को कोर्ट द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था। इस पर कथित तौर पर अलग-अलग राज्यों के लगभग 25 निवेशकों को ऊंचे मासिक रिटर्न और नकली व्यावसायिक परियोजनाओं का झूठा आश्वासन देकर ठगने का आरोप है। पुलिस के अनुसार करीब 25 पीड़ितों की एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोपी अंकुर ज्योति सैकिया निवासी सेक्टर 5, घनसोली, नवी मुंबई ने पीड़ितों को राजमुद्रा फ्यूचर निधि लिमिटेड में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उसने ऊंचे रिटर्न और नए सदस्यों को जोड़ने पर कमीशन का झूठा वादा किया था। पीड़ित जिनमें से अधिकांश ग्रेटर नोएडा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के दिहाड़ी मजदूर थे, उन्होंने यूपीआई ट्रांसफर और नकद भुगतान के माध्यम से लगभग 66.35 लाख का निवेश इसकी कंपनी में किया।

### मुंबई अंडरवर्ल्ड-आईएसआई गठजोड़ से जुड़ा गुर्गा अरेस्ट

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और डी-कंपनी के एक कथित गुर्गे से संबंध रखने वाले व्यक्ति को बहु एजेंसी अभियान में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध की पहचान हुजैफा के रूप में हुई है। उसे केंद्रीय एजेंसियों और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस सूत्रों ने बताया कि हुजैफा को मुंबई अंडरवर्ल्ड के एक प्रमुख चेहरे मुन्ना झिंगाड़ा का करीबी सहयोगी बताया जाता है, जिसके कराची से सक्रिय होने का संदेह है। जांच एजेंसियां कथित मुंबई अंडरवर्ल्ड-आईएसआई गठजोड़ की जांच कर रही थी और इस मामले में हाल ही में मुंबई के विभिन्न स्थानों पर ज्वाइंट तलाशी अभियान और छापेमारी की गई थी। पुलिस सूत्र ने कहा कि जांच में संकेत मिले हैं कि हुजैफा को झिंगाड़ा ने ऐसा काम सौंपा था, जिसका उद्देश्य देश में भय फैलाना और दहशत का माहौल उत्पन्न करना था। हुजैफा को बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किए जाने की संभावना है।

# लाखों रुपये की लूट का पर्दाफाश कर्मचारी समेत छह गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले के लाहौरी गेट थाना इलाके में हुई 54.5 लाख रुपये की लूट का पर्दाफाश पुलिस ने कर दिया है। दरअसल मनी ट्रांसफर एजेंट के कर्मचारी द्वारा ही इस लूट की कहानी गढ़ी थी। लोकल पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीमों ने 48 घंटे के भीतर मामले को सुलझाते हुये छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 50 लाख रुपये भी बरामद किये गये हैं।

डीसीपी राजा बंथिया के अनुसार पुलिस की संयुक्त टीमों ने आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर अंतर-राज्यीय तलाशी अभियान चलाया, जिसमें लगभग 3500 किलोमीटर की दूरी तय की गई। गहन जांच, 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के विस्तृत विश्लेषण, तकनीकी निगरानी और लगातार पूछताछ के माध्यम से मामले को सुलझाया गया। झूठ से लेकर कबूलनामे तक खुद ही रची गई लूट की इस साजिश का 48 घंटे के भीतर पर्दाफाश किया गया। डीसीपी ने बताया कि शिकायतकर्ता वासुदेव (23) निवासी बीकानेर, राजस्थान ने बताया था कि वह वर्तमान में दिल्ली के शास्त्री नगर में अपने दूर के रिश्तेदार राजिंदर उर्फ राजू के घर पर रह रहा है और उसके लिए काम भी करता है। राजू एक मनी ट्रांसफर एजेंट है। 26 मई को मालिक ने उसे 54.5 लाख रुपये नकद से भरा एक बैग दिया, जिसे चांदनी चौक स्थित कूचा घासीराम में एक मनी ट्रांसफर कार्यालय में पहुंचाना था। शिकायतकर्ता ने एक रैपिडो ऑटो बुक किया और सुबह लगभग 11 बजे वह फतेहपुरी के टी-पॉइंट एसपीएम रोड पर ऑटो से उतर गया। इसी दौरान दो लड़के वहां आए और उसका नकदी से भरा बैग छीन ले गये। उन्होंने उसे लात भी मारी और उसकी शर्ट फाड़ कर मोबाइल फोन भी छीना। लुटेरे पैदल ही पुल मिठाई की ओर भाग गए। इसके बाद लाहौरी गेट थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान संयुक्त टीमों ने घटनास्थल और उसके आस-पास लगे कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। इसमें दो लोग एक बैग लेकर भागते हुए दिखाई दिए। वे एक ई-रिक्शा में सवार हुए और पुल मिठाई की ओर चले गए। पुलिस टीम ने गौर किया कि जब आरोपी नकदी से भरा बैग लूट रहे थे तब शिकायतकर्ता ने न तो कोई विरोध किया और न ही उनका पीछा किया। यह भी देखा गया कि आरोपी घटना से पहले ही एक विशेष सूचना के आधार पर मौके पर मौजूद थे और किसी खास व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे। इसके अलावा पूछताछ के दौरान शिकायतकर्ता बार-बार अपनी बात बदल रहा था और घटना के लगभग 30 सेकंड बाद उसने खुद के बेहोश होने का नाटक किया। इन सभी सुरागों ने शिकायतकर्ता की बातों पर गहरा संदेह पैदा किया। इसके बाद शिकायतकर्ता से लगातार और गहन पूछताछ की गई, जिसके दौरान वह टूट गया और उसने स्वीकार कर लिया कि उसने अपने बीकानेर के साथियों के साथ मिलकर उपरोक्त अपराध को अंजाम दिया था। इसके बाद अन्य आरोपियों पुरुषोत्तम, राम निवास, कमल भारती, मनफूल मुंड और मनोज मोटासरा को गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच चल रही है और बाकी बची रकम बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## छह महीने का अगवा बच्चा सकुशल बरामद, आरोपी महिला पकड़ी

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने एक त्वरित कार्रवाई करते हुये अगवा हुये छह महीने के बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। शिशु को घटना के 30 घंटे के भीतर बचा लिया गया। इस अपराध में शामिल आरोपी महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 31 मई को जीटीबी एन्क्लेव थाने में सीलमपुर की रहने वाली महिला से एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया था कि कुछ दिन पहले एक अज्ञात महिला उसके घर आई और उसने खुद को बच्चों के टीकाकरण में मदद करने वाली महिला के रूप में पेश किया था। घटना के दिन वह महिला फिर से शिकायतकर्ता के पास आई और उसके छह महीने के बेटे के साथ टीकाकरण के लिए जीटीबी अस्पताल तक उसके साथ गई। अस्पताल की एमसीएच नई बिल्डिंग में पहुंचने के बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता का विश्वास जीता। औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की पेशकश की और उसे कुछ फॉर्म भरने के लिए राजी किया। स्थिति का फायदा उठाते हुए महिला शिशु को उससे लेकर अस्पताल परिसर से फरार हो गई थी। जांच में स्पेशल स्टाफ और एएनटीएफ टीमों को भी शामिल किया गया। शिवाजी पार्क इलाके में लगातार तकनीकी विश्लेषण और खुफिया जानकारी के आधार पर की गई छापेमारी के बाद आखिरकार आरोपी महिला की पहचान बॉबी उर्फ कंचन (45) को पकड़ लिया गया। उसकी निशानदेही पर शिवाजी पार्क के पास ही एक झुग्गी में छापा मारकर अपहृत नवजात बच्चे को भी सुरक्षित बचा लिया गया। आरोपी महिला मरीजों की देखभाल करने का कार्य करती थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी महिला अपने पति के साथ मिलकर एमएस पार्क थाने के एक दूसरे केस में आजीवन कारावास की सजा काट रही है। पैरोल की अवधि पूरी होने पर आत्मसमर्पण न करने के बाद वह फरार हो गई थी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

संख्या: 570–सिग–पी.स.–निविदा–144 दिनांक: 03.06.2026

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के DLI मंडल के बिजवासन स्टेशन पर स्वचालित अग्नि शमन प्रणाली की व्यवस्था। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 03 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 67.12 लाख (लगभग) |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 134300/- (रूपये एक लाख चौंतीस हजार तीन सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर 03.06.2026 to 25.06.2026 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | 25.06.2026, उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 11.06.2026 से 25.06.2026 11:30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 25.06.2026 11:30 बजे खोला जाएगा। |

1886/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-16-26-27-W-II दिनांक:02.06.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT--16 | **कार्य का नाम** :– (1) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में स्थित सेवा भवनों एवं प्लेटफार्मों की सफेदी तथा पेंटिंग का कार्य और (2) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT से TPZ तक स्थित स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत, सफेदी एवं पेंटिंग का कार्य। और (3) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में THJ, NGL, DBD, RNA एवं TPZ स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य। और (4) सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन SSE/W/MOZ सेक्शन में KAT, MSP एवं JDW स्टेशनों पर स्थित स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत का कार्य आदि का प्रावधान, उपरोक्त सभी कार्य वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में किए जाने हैं। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :– 72299991.20 **बयाना राशि (रुपये)** :– 1446000.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 30.06.2026 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

1872/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विमल गुप्ता, पुत्र राम प्रकाश गुप्ता निवासी एक्स-47बी, गली नंबर 14, ब्रह्मपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1047/2014 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विमल गुप्ता** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विमल गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1047/2014 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विमल गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पंकज राय**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं.73, पाँचवा तल**
**उत्तर-पूर्वी जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

DP/7319/NE/2026

## बवाना में 47 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना विधानसभा में बुधवार को 47.26 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं को शिलान्यास बवाना के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक कार्यक्रम में किया। शिलान्यास में शामिल परियोजनाओं में कंझावला रोड ड्रेन परियोजना (पंजाब स्वीट्स से रोहिणी सेक्टर-21/22 डिवाइडिंग रोड तक) तथा रोहिणी सेक्टर-20 एवं 21 ग्रामीण पुनरुद्धार परियोजना प्रमुख हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री इंद्राज ने कहा कि बवाना विधानसभा दिल्ली देहात का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यहां के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में बवाना विधानसभा तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में बवाना विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त विकास परियोजनाएं भी प्रारंभ की जाएंगी, जिनसे क्षेत्र की आधारभूत संरचना और अधिक मजबूत होगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। मंत्री इंद्राज ने कहा कि बवाना विधानसभा और दिल्ली देहात के विकास की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। हमारी सरकार क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने इन विकास परियोजनाओं का स्वागत करते हुए दिल्ली सरकार और मंत्रियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिल्ली सरकार ने आर्थिक गणना की तैयारियां कर दी शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न व्यापार, व्यवसाय और उद्यमशील कृषि इकाइयों की सूची तैयार करने के लिए आर्थिक गणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शहर में 8वीं आर्थिक गणना कराने के लिए दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय को केंद्रीय नोडल एजेंसी नामित किया है। योजना विभाग द्वारा सोमवार को जारी आदेश में कहा गया कि दिल्ली के 13 जिले आर्थिक गणना और संबंधित सांख्यिकीय गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए निदेशालय के अधीन उप-एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राजस्व विभाग के अंतर्गत जिला कार्यालयों में तैनात सांख्यिकी अधिकारी एवं सहायक निदेशालय द्वारा सौंपे गए आर्थिक गणना से संबंधित कार्यों का समन्वय तथा देखरेख करेंगे। वे मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर जनगणना से जुड़े कार्य करेंगे। साथ ही अपने नियमित कार्य भी जारी रखेंगे। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में दिल्ली में जनगणना 2027 की प्रक्रिया जारी है जो 2027 की शुरुआत तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद आर्थिक गणना शुरू की जाएगी। आर्थिक गणना का उद्देश्य उद्यमशील गतिविधियों की विशेषताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटाना है जैसे स्थान, संचालन की प्रकृति और वित्त के स्रोत आदि। अधिकारियों ने बताया कि इन आंकड़ों से आगे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने और लक्षित क्षेत्रीय विकास के लिए कार्यक्रमों एवं योजनाओं की तैयारी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एमसीडी और एनडीएमसी के स्कूल शिक्षक तथा अन्य सरकारी कर्मचारी यह गणना करने के काम में सहयोग करेंगे।

## दिल्ली में वृद्धावस्था और दिव्यांगता पेंशनधारकों का घर-घर जाकर होगा बायोमेट्रिक सत्यापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार वृद्धावस्था और दिव्यांगता पेंशन प्राप्त करने वाले पांच लाख से अधिक लाभार्थियों का घर-घर जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराएगी। इस बात की जानकारी बुधवार को एक अधिकारी ने दी है। इस पहल का उद्देश्य लाभार्थियों के रिकॉर्ड को अद्यतन करना और यह सुनिश्चित करना है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए संबंधित विभाग ने साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि सीएससी का दिल्ली में लगभग 6 हजार केंद्रों का नेटवर्क है, जो लाभार्थियों के घरों पर जाकर सत्यापन कार्य में विभाग की सहायता करेगा। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत सर्वेक्षण दल घर-घर जाकर लाभार्थियों की उंगलियों के निशान और आईरिस (नेत्र पुतली) स्कैन कर बायोमेट्रिक सत्यापन करेगा। यह दल लाभार्थियों का फोटो भी खीचेंगा और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजीकरण के जरिए उनके रिकॉर्ड का अद्यतन करेगा। उन्होंने कहा कि सत्यापन अभियान अगले एक महीने के भीतर शुरू होने की उम्मीद है और लगभग पांच महीने में उसके पूरा हो जाने की संभावना है। अधिकारी ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पेंशन का लाभ केवल पात्र लाभार्थियों को मिले, जिसके लिए लाभार्थियों की पहचान की पुष्टि कर उनके रिकॉर्ड को अद्यतन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई मामलों में ऐसे लोगों के नाम पर भी पेंशन जारी की जा रही है जिनकी मृत्यु हो चुकी है, जो दिल्ली से बाहर जा चुके हैं या जो योजना की पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते। सत्यापन अभियान ऐसे मामलों की पहचान करने में मदद करेगा। अधिकारी ने कहा कि कुछ मामलों में लाभार्थी के अपात्र हो जाने के बावजूद पेंशन जारी की जा रही होती है। सत्यापन ऐसे मामलों का पता लगाने और सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करने में सहायक होगा। विभाग का मानना है कि इस अभियान से लाभार्थियों के आंकड़ों की शुद्धता बढ़ेगी और कल्याणकारी योजनाओं में होने वाली संभावित गड़बड़ियों या रिसाव पर रोक लगेगी। अधिकारी ने कहा कि अपात्र लाभार्थियों को सूची से हटाने के बाद होने वाली बचत का उपयोग अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय प्रस्तावों में किया जा सकेगा।

# जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं का अधिकारी करें त्वरित निस्तारण : रेखा गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का अधिकारी त्वरित निस्तारण करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को ख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत दर्ज कराने का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और जवाबदेही को मजबूत करने का अहम मंच है। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर जन सेवा सदन पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों के तुरंत और प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने दिल्ली नगर निगम, पुलिस, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, राजस्व और अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखी गईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामलों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक मामले में नगर निगम से जुड़ी समस्या लेकर आए नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, शिक्षा से संबंधित विषय लेकर पहुंची एक महिला ने अपने बच्चों की पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने बैंकिंग और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले में अपनी समस्या मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक तक शासन का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत, सुविधा और न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त सुझाव और शिकायतें सरकार के लिए महत्वपूर्ण फीडबैक का कार्य करती हैं। इनसे न केवल व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान होता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव फरल में आवासीय स्टाफ क्वार्टर्स के निर्माण हेतु बकाया कार्य (सी.एम. घोषणा कोड नं. 22101 दिनांक 08.06.2018)। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 89.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 pwdeepd2ktl@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | करनाल में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास (बलारी बाई-पास)। | 01.06.2026 15.06.2026 | 637 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | पिपली (कुरुक्षेत्र) में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 01.06.2026 15.06.2026 | 272 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 4 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सेक्टर-29, गुरूग्राम में वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ बस टर्मिनल का विकास। | 01.06.2026 15.06.2026 | 252 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 landbuilding0002@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव – टिगराना में 5 अदद खेत खलिहान रास्ता आईपीबी की पेवमेंट (सीएम घोषणा 24219) जीपी। | 29.05.2026 15.06.2026 | 143.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पुरखास धिरान, ब्लॉक गन्नौर में श्री कृष्ण द्वार पर धौलपुर स्टोन का प्रावधान व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 30.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | जैव-रसायन विभाग हेतु मद अर्थात कंज्यूमेबल्स रीजेंट्स/किट्स (फेर्रिटिन एलिसा किट) की अधिप्राप्ति हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में + 6 कार्य। | 03.06.2026 10.06.2026 | ईएमडी 70,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | मुंशीवाला माइनर 0-87430 की सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.06.2026 | 13.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 05.06.2026 12.06.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 05.06.2026 22.06.2026 | 1.20 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में ऑर्थोपेडिक्स, सर्जरी और ओबीएस एवं गाइनी विभाग के लिए विभिन्न औषधियों की खरीद हेतु निविदा। | 05.06.2026 22.06.2026 | 3.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 12 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक सिरिंजेज की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 13 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक निडल्स 16जी×1½'' की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 14 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | वेटरीनरी हाइपोडर्मिक निडल्स 18जी×1½'' की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 15.06.2026 | ईएमडी 1 लाख | https:pashudhanharyana.gov.in/ | 9468366353 animalwelfareboardharyana@gmail.com |
| 15 | जिला परिषद सोनीपत | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 45 अदद वाटर टैंकर की आपूर्ति। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 89.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/300/45869/I/88/7 दि. 03.06.26



नई दिल्ली। मैक्स अस्पताल के बाहर मृतकों के परिजन विलाप करते हुए।




# आग में फंसे लोग खिड़कियों से कूदे लोगों ने सड़क पर बिछाए गद्दे





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मालवीय नगर इलाके में स्थित 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' होटल में लगी भीषण आग से लोगों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने बिना कोई समय गंवाए इमारत की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए और सड़क पर गद्दे बिछा रेस्क्यू ऑपरेशन में जान लगा दी। स्थानीय निवासी अनीता चौधरी ने बताया कि कई धमाकों की गूंज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। इमारत के अंदर से चीखें सुनाई दे रही थी।

लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग अपनी जान बचाने की कोशिश में खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी और स्थानीय निवासी अंदर फंसे लोगों की मदद के लिए इमारत की ओर दौड़ रहे थे। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि धुआं निकलता देख बहुत से लोग इकट्ठा हो गए और होटल से लोगों को बाहर निकालने में मदद करने के लिए पहुंचे। मौके पर सबसे पहले पहुंचने वाले लोगों में शामिल एक दूसरे शख्स ने कहा कि हमने इमारत से घना धुआं उठता देखा और लगा कि लोग अंदर फंसे हुए हैं। निवासियों ने कंबल और रजाईयां इकट्ठा कीं और बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद करने लगे। बच निकलने के रास्ते बनाने के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए और इसी के चलते कई लोगों की जान बचाने में वे कामयाब रहे।

यह होटल इसलिए मशहूर है, क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं जो इलाके में स्थित प्रमुख अस्पतालों में इलाज के लिए आते हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, एक महिला अपने बच्चे को गोद में लिए इमारत की तीसरी मंजिल से कूद गई। इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा नीचे सड़क पर गद्दे बिछाए गए और एक महिला अपने छोटे बच्चे को गोद में लिए तीसरी मंजिल से कूद गई। महिला अपने बच्चे के साथ एक गद्दे पर गिरी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

## आग लगने से हुई जनहानि पर रेखा गुप्ता ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में एक होटल में लगी भीषण आग में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह एक 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' (बी एंड बी) होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मालवीय नगर में आग लगने की विनाशकारी घटना में जन हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और इस दिल दहला देने वाली त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को शक्ति और साहस मिलने की प्रार्थना करती हूं। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों के बारे बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कैट्स एम्बुलेंस सेवाओं और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की टीमों को तुरंत काम पर लगा दिया गया था।

# एलजी ने बुलाई हाई लेवल बैठक, अग्नि सुरक्षा को लेकर आज से विशेष अभियान

**आग से सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन न करने वाले संस्थानों आदि को तुरंत किया जाएगा सील**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मालवीय नगर के हौज रानी क्षेत्र में अग्निकांड में हुई 21 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू लोक निवास में बुधवार शाम एक हाई लेवल समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में एलजी ने अग्निकांड की गहन जांच और इसके ज़िम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए एक मजिस्ट्रियल जांच का भी आदेश दे दिया है।

बैठक में दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के मुख्य सचिव, कई डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, निगमायुक्त, पुलिस आयुक्त, दिल्ली फायर निदेशक सहित



अन्य विभागों के आला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में हौज रानी क्षेत्र में अग्निकांड व साकेत में इमारत गिरने की समीक्षा के बाद एलजी ने सख्त निर्देश दिए कि गृह विभाग की देखरेख में पूरी दिल्ली में आग लगने के कारणों से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक व्यापक बहु-विभागीय कार्य योजना तैयार की है। जिसके तहत गुरुवार से डीएम, डीसीपी, निगम के उपायुक्त के संयुक्त नेतृत्व में एक महीने तक सघन प्रवर्तन और रोकथाम अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न होटलों, गेस्ट हाउसों, नर्सिंग होम, कोचिंग सेंटरों और अन्य भीड़भाड़ वाली जगहों पर इमारतों आग लगने की अधिक संभावना वाले अन्य परिसरों सहित, आग से सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन न करने वाले चिन्हित संस्थानों का कड़ाई से निरीक्षण और ऑडिट किया जाएगा, तथा उन्हें सील किया जाएगा।

इस अभियान की संयुक्त निगरानी मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त द्वारा की जाएगी, ताकि हर स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही न हो और कड़ी जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

# आग में दम घुटने से एक ही परिवार से जुड़े आठ लोगों की मौत

निर्देश तोमर ⏭ नई दिल्ली

मालवीय नगर अग्निकांड में एक ही परिवार के सगे संबंधी आठ लोगों की मौत हो गई। गुरुग्राम निवासी विवेक, उनकी पत्नी, दो बेटियां और मां सहित बीमार पिता से मिलने आए मौसा, मौसी और मामा इस हादसे का शिकार हो गए। सभी लोग विवेक के मैक्स अस्पताल में भर्ती पिता राधेश्याम अग्रवाल से मिलने गये थे। हादसे के समय वे होटल में नाश्ता करने गये थे। यह जानकारी महावीर एंक्लेव निवासी विवेक के ससुर प्रेम बंसल ने दी। इस घटना में मौसा मिसिंग बताए जा रहे हैं। विवेक गुरुग्राम के सेक्टर 46 स्थित मकान नंबर 3169 के रहने वाले थे और पेशे से सीए थे।

अग्निकांड में मरने वालों के नाम विवेक अग्रवाल, उनकी पत्नी तर्जनी अग्रवाल, मां प्रेमलता अग्रवाल, बड़ी बेटी एंजल अग्रवाल, छोटी बेटी पर्ल, मामा अशोक गोयल, मौसी कमला, मौसा झुमरी लाल, मामा किशनगंज से आए थे जबकि मौसा-मौसी अजमेर से आए थे। इनमें मौसा मिसिंग हैं, जबकि अन्य सभी की मौत हो चुकी है। विवेक ने सुबह हादसे के वक्त अपने ताउ जी के बेटे को फोन करके बताया कि वो बेसमेंट में फंस चुका है, बचा लो। कोटला से भाई जब तक पहुंचे हादसे की चपेट में पूरा परिवार आ चुका था। प्रेम बंसल ने बताया कि विवेक के पिता मैक्स हॉस्पिटल में परसो से भर्ती हैं। उन्हें देखने ही सारे परिवार के लोग कल हॉस्पिटल पहुंचे थे। कल मंगलवार शाम विवेक ने गेस्ट हाऊस में दो कमरे बुक किए थे और सुबह हादसा हो गया। बड़ी बेटी बेंगलुरु में रहती हैं जिन्हें दादा से मिलने कल ही बुलाया गया था। सभी लोगों की मौत दम घुटने से बताई जा रही है। उधर 10 दमकलकर्मी भी एम्स में भर्ती करवाये गये हैं। ये लोग बचाव कार्य के समय घायल हुए थे।



### मरने वालों में 11 विदेशी नागरिक

मालवीय नगर के फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने से मरने वाले 21 लोगों में 11 विदेशी नागरिक हैं। इनमें 9 अफ्रीकी और 2 तुर्कमेनिस्तान के बताये गये हैं। मृतक 10 भारतीयों में से आठ आपस में रिश्तेदार थे। इनमें 3 राजस्थान के और 5 हरियाणा के रहने वाले थे। हादसे में कुल 35 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 19 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

**हादसे के समय होटल में नाश्ता करने पहुंचे थे**

### एक ही सीढ़ी थी निकलने के लिए : चीफ फायर ऑफिसर

चीफ फायर ऑफिसर अभिलाष कुमार मलिक ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान मैंने इमारत का ऊपर से नीचे तक अच्छी तरह निरीक्षण किया। इमारत में एक तहखाना, एक भूतल और पांच ऊपरी मंजिलें हैं। पूरी इमारत में केवल एक ही लिफ्ट के बगल में एक अकेली सीढ़ी थी और इमारत पूरी तरह से सीलबंद थी। सामने का मुखौटा पूरी तरह से ढंका हुआ था और बाथरूम की खिड़कियों सहित हर एक खिड़की को कसकर बंद किया गया है। अभी तक की जांच में होटल के पास फायर एनओसी नहीं होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त इमारत से कुल 74 लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 39 को मैक्स, तीन को मालवीय नगर हॉस्पिटल और 32 एम्स सहित अन्य अस्पताल भेजे गए हैं।

### इस साल के पहले पांच महीनों में ही आग ने ले ली 65 जिंदगियां

नई दिल्ली। राजधानी में इस साल आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। पहले पांच महीनों में ही 65 से अधिक लोगों की जान आग की घटनाओं में जा चुकी है। दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से 27 मई 2026 तक आग से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें मई महीने के पहले 27 दिनों में ही 13 लोगों ने जान गंवाई। अब जून के शुरुआत में ही 21 लोगों की एक साथ मौत के बाद यह आंकड़ा 65 के पार पहुंच चुका है। आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अप्रैल के बीच आग की घटनाओं में 32 लोगों की मौत हुई थी, जबकि मई में 13 और मौतें दर्ज की गई। इस तरह 45 लोगों की जान मालवीय नगर होटल आग से पहले ही जा चुकी है। मार्च इस साल का सबसे घातक महीना रहा। इस महीने आग से जुड़ी घटनाओं में 15 लोगों की मौत हुई। वहीं जनवरी और फरवरी में 6-6 लोगों की जान गई, जबकि अप्रैल में 5 मौतें हुई।

### गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ीं आग की घटनाएं

राजधानी में तापमान बढ़ने के साथ आग लगने की घटनाओं में भी तेजी देखी जा रही है। जनवरी में फायर सर्विस को 1,396 कॉल मिली थी। फरवरी में यह संख्या 1,096 रही, जबकि मार्च में 1,538 और अप्रैल में बढ़कर 2,663 हो गई। मई में हालात और गंभीर नजर आए। 26 मई तक ही विभाग को 2,877 आग से संबंधित कॉल प्राप्त हो चुकी थीं, जो अप्रैल के पूरे महीने के आंकड़े से भी अधिक हैं। आग की घटनाओं में केवल मौतें ही नहीं हुई, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को बचाया भी गया। मई में 26 तारीख तक 99 लोगों को रेस्क्यू किया गया या उन्हें चोटों के साथ अस्पताल पहुंचाया गया।

## गृह मंत्री सूद ने अवैध प्रतिष्ठानों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश



नई दिल्ली। मालवीय नगर के हौज रानी क्षेत्र स्थित एक बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान में हुई दुखद अग्निकांड की घटना के बाद दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दिल्लीभर में अवैध रूप से संचालित तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं गेस्ट हाउस प्रतिष्ठानों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री सूद ने दिल्ली अग्निशमन सेवा, जिला प्रशासन, पुलिस तथा अन्य नागरिक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। ज्ञात जानकारी के अनुसार इस भीषण अग्निकांड में 21 लोगों की मृत्यु हो गई, जिनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जबकि अनेक घायल व्यक्तियों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। दिल्ली सरकार ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मंत्री सूद ने बताया कि इस घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा एवं लाइसेंस संबंधी नियमों के गंभीर उल्लंघन का मामला सामने आया हैं। इनमें अनधिकृत व्यावसायिक विस्तार, कमरों की संख्या में अवैध वृद्धि, निकासी मार्गों में बाधा तथा बेड एंड ब्रेकफास्ट नीति के तहत दी गई अनुमति का दुरुपयोग शामिल है। गृह मंत्री सूद ने बताया कि जिस संपत्ति को सीमित संख्या में कमरों के संचालन की अनुमति दी गई थी, वह कथित रूप से निर्धारित नियमों के विपरीत क्षमता से ज्यादा वाले व्यावसायिक और आवासीय प्रतिष्ठान के रूप में चल रही थी। मंत्री सूद ने कहा कि उक्त परिसर को केवल छह कमरों वाले बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रतिष्ठान के रूप में अनुमति प्रदान की गई थी, जबकि यह अपनी स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक चलाया जा रहा था।

## जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करें निगम आयुक्त : वाही



नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र स्थित एक होटल में हुई भीषण अग्निकांड की घटना पर गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया है और इस मामले में निगम आयुक्त संजीव खिरवार को उच्चस्तरीय जांच के निर्देश देते हुए तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त संजीव खिरवार, दक्षिणी जोन के उपायुक्त राकेश कुमार के साथ मालवीय नगर घटना स्थल का दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने घटना की जांच के निर्देश दे दिए गए हैं और कहा कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी। वहीं, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता और दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने मालवीय नगर में बुधवार को होटल में लगी आग में हुई मौतों पर दुख जताया है। उन्होंने दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, निगम आयुक्त संजीव खिरवार और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मांग की है कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

## 'छह कमरों की थी अनुमति, संचालित हो रहे थे 25 कमरे'



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मालवीय नगर अग्निकांड के लिए भाजपा शासित एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कहा कि मालवीय नगर अग्निकांड में 21 में से 17 विदेशी लोगों की मौत हुई और 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट और होटल फ्लोरिस स्टे में 6 कमरों की अनुमति थी, लेकिन अवैध रूप से 25 कमरे संचालित किए जा रहे थे। न फायर एनओसी थी और न ही फायर एग्जिट। ऐसे में सवाल है कि भाजपा शासित एमसीडी की नाक के नीचे यह सब किसके संरक्षण में चल रहा था। उन्होंने ने एमसीडी के मेयर और निगमायुक्त से मांग की कि संबंधित अधिकारी डीएचओ और एमएचओ को तत्काल निलंबित किया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## केजरीवाल ने लोगों की मौत पर जताया शोक



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मालवीय नगर में भीषण आग लगने से लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि राजधानी में लगातार हो रही आग से जुड़ी घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं। मालवीय नगर में इतनी बड़ी घटना हो गई। उन्होंने कहा कि 21 लोगों की मौत की दुखद खबर बेहद पीड़ादायक है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लगातार हो रहे अग्निकांड और मासूम लोगों की मौतें बेहद चिंताजनक हैं।

## देवेंद्र यादव ने किया होटल अग्निकांड स्थल का दौरा, कहा सरकार के बढ़ते भ्रष्टाचार का नतीजा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हौज़ रानी, मालवीय नगर क्षेत्र के होटल में भीषण अग्निकांड स्थल का दौरा किया। इस मौके पर यादव ने कहा कि दर्दनाक अग्निकांड में मरने वाले 21 लोगों व घायलों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में लगातार बढ़ते अवैध निर्माण में सरकार, दिल्ली नगर निगम, डीडीए, फायर विभाग और संबधित एजेंसियों की मिलीभगत व और बढ़ते भ्रष्टाचार का नतीजा है कि आज होटल कांड में बेकसूर 21 लोगों की जाने चली गई। जब तक भ्रष्टाचार खत्म नही होगी तब तक इस प्रकार की घटनाएं होती रहेंगी और लोग मरते रहेंगे। भाजपा शासन में दिल्ली का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। क्योंकि निगम हो या दिल्ली सरकार, इनके अधिकारियों में हाई लेवल का भ्रष्टाचार व्याप्त है। इस मौके पर यादव के अलावा प्रदेश महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, पूर्व मंत्री डॉक्टर योगानन्द शास्त्री, पूर्व पार्षद जितेन्द्र कुमार कोचर, दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह व अन्य मौजूद थे।





इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'यादें' में दिग्विजय यानी डिग्गी के किरदार में अर्जुन पुंज नजर आ रहे हैं। वे फिटनेस को लाइफ के लिए बहुत इंपॉर्टेंट मानते हैं। यहां अपनी फिटनेस, डाइट प्लान और मेंटल हेल्थ के बारे में अर्जुन बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# फिटनेस सिर्फ बॉडी नहीं सोच-जिंदगी भी बदलती है

**फिटनेस फंडा**

**अर्जुन पुंज**



मेरा मानना है कि अच्छी जिंदगी के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस सिर्फ अच्छे दिखने के लिए नहीं होती, बल्कि अंदर से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। शरीर एक मंदिर की तरह होता है। अगर लगातार खुद को फिट रखा जाए, तो यही शरीर बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा साथ देता है। हो सकता है कि अभी उसका असर तुरंत दिखाई न दे, लेकिन आगे चलकर वही फिटनेस काम आती है।

**सलमान खान से मिली प्रेरणाः** मेरे लिए हमेशा से सबसे बड़े फिटनेस आइडल सलमान खान रहे हैं। जब मैं पांचवीं या छठी क्लास में था, तब उनकी फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' आई थी। उसमें 'ओ ओ जाने जाना' गाने में उन्हें देखकर मैं बहुत इंस्पायर हुआ था। तभी मैंने सोच लिया था कि बड़ा होकर खुद को जरूर फिट रखूंगा। और भी कलाकार फिट रहे हैं, लेकिन सलमान खान ने जिस तरह जिम और बॉडी बिल्डिंग कल्चर को लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया, वह शानदार है। आज भी बड़ी संख्या में युवा उनको फॉलो कर रहे हैं।

**एनर्जेटिक रहना भी है जरूरीः** यदि प्रोफेशन की बात करें, तो टीवी इंडस्ट्री में फिट दिखना जरूरी होता है। लेकिन आम लोगों के लिए सबसे जरूरी चीज है एनर्जेटिक महसूस करना। सिर्फ दिखने के लिए खुद को भूखा रखना, बहुत ज्यादा डाइटिंग करना या हर पसंद की चीज छोड़ देना सही नहीं है। इससे इंसान बाहर से फिट दिख सकता है, लेकिन अंदर से अच्छा महसूस नहीं करता। 12-12 घंटे काम करने वाले लोगों के लिए खुद को एनर्जेटिक रखना सबसे जरूरी है। यदि इंसान अंदर से खुश और एनर्जेटिक रहेगा, तो उसका असर उसके काम और आस-पास के माहौल पर भी दिखाई देगा।

**डाइट प्लानः** मैं सुबह नाश्ता नहीं करता। इसे इंटरमिटेंट फास्टिंग कहते हैं। रात को सवा आठ बजे तक खाना खा लेता हूं और फिर अगले दिन सीधे लंच करता हूं। इससे शरीर को थोड़ा आराम मिलता है। हर चीज जो 24 घंटे लगातार चलती रहती है, उसे थोड़ा ब्रेक मिलना चाहिए, दिल को छोड़कर। मैं नॉन-वेजिटेरियन हूं, इसलिए लंच में दाल, रोटी, सब्जी, सलाद के साथ कभी-कभी फिश या चिकन भी शामिल होता है। शाम को ओटमील, नट्स और फल लेता हूं और रात में अच्छा डिनर करता हूं। मुझे लगता है कि अच्छा डिनर करके आराम से इंटरमिटेंट फास्टिंग करना ज्यादा बेहतर है। फिट रहने के लिए मैं खुद को किसी चीज से दूर नहीं रखता। सब खाता हूं, लेकिन लिमिट में। यदि जरूरत से ज्यादा खाएंगे, तो सिर्फ वर्कआउट से फर्क नहीं पड़ेगा। संडे को छोले-भटूरे भी खाता हूं और चीट-डे पर पिज्जा, पास्ता, बर्गर भी चलता है। जिंदगी को एंजॉय करना भी जरूरी है। अच्छा खाना नहीं मिलेगा, तो इंसान थोड़ा मायूस रहेगा और फिर काम में भी मजा नहीं आएगा।

**वर्कआउट में बैलेंस जरूरीः** मेरा वर्कआउट वेट ट्रेनिंग और बॉडी वेट एक्सरसाइज दोनों का मिश्रण है। डंबल्स के साथ-साथ पुशअप्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज भी करता हूं। लंबे समय तक शरीर को मजबूत रखने के लिए दोनों चीजें जरूरी हैं। यदि लगातार शरीर से काम लिया जाए, तो बढ़ती उम्र में भी हर दिन के काम आसानी से होते हैं और सहारे की जरूरत कम पड़ती है।

**मेंटल हेल्थ प्लानिंगः** मेंटली स्ट्रॉन्ग रहने के लिए अंदर से मजबूत होना जरूरी है। अच्छे समय में तो हर इंसान खुश रहता है, लेकिन असली परीक्षा तब होती है, जब जिंदगी में मुश्किल समय चल रहा हो। जब काम नहीं हो, चीजें समझ नहीं आ रही हों और जिंदगी उलझी हुई लगे, तब भी पॉजिटिव बने रहना बहुत जरूरी है। खुद पर और ऊपर वाले पर भरोसा रखना चाहिए कि जो होगा, अच्छे के लिए होगा। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. प्रणव घोड़गांवकर
लीड न्यूरो-सर्जन एंड ऑन्को-ब्रेन सर्जन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

- *10वां बड़ा कारण है ब्रेन ट्यूमर भारत में विभिन्न रोगों से होने वाली मौतों का।*
- *आंकड़ों के अनुसार 3.2 लाख से अधिक लोगों की मौतें दुनिया भर में हर साल ब्रेन ट्यूमर के कारण होती हैं।*

स्पेशलः वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर-डे, 8 जून

हर वर्ष दुनिया में कई लाख लोग ब्रेन ट्यूमर की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। आमतौर पर इसे लाइलाज माना जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि अगर समय रहते इसका पता चल जाए तो पूरा ट्रीटमेंट संभव है। इसलिए जरूरी है कि इसके प्रति अवेयर रहें और इसके लक्षण दिखने पर प्रॉपर डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट करवाया जाए। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# घबराएं नहीं-सजग रहें क्योरेबल है ब्रेन ट्यूमर



आधुनिक मेडिकल साइंस में हुई चमत्कारिक प्रगति के कारण मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के संदर्भ में अब घबराने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। ऐसे ट्यूमर से ग्रस्त लोगों और उनके परिजनों को यह बात याद रखनी चाहिए कि समय रहते पता चलने पर ब्रेन ट्यूमर का अब समुचित उपचार संभव है।

## क्या है ब्रेन ट्यूमर

जैसे शरीर के अन्य भागों में कोशिकाओं की असामान्य व अनियंत्रित वृद्धि के कारण कैंसर पनपता है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क की कोशिकाओं (जिन्हें न्यूरॉन्स कहा जाता है) में अनियंत्रित व असामान्य वृद्धि होने से जो गांठ बन जाती है, उसे ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन कैंसर का एक स्वरूप है- ब्रेन ट्यूमर। एक अध्ययन से पता चला है कि समस्त प्रकार के ब्रेन कैंसर, ट्यूमर होते हैं, किंतु सभी ब्रेन ट्यूमर कैंसर नहीं होते हैं।

## ब्रेन ट्यूमर के प्रकार

मस्तिष्क में स्थित जो ट्यूमर कैंसर रहित होते हैं, उन्हें बिनाइन ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जिन ट्यूमर्स में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से गांठ पड़ जाती है, उन्हें मैलिग्नेंट या 'कैंसरस' ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क के टिश्यूज असामान्य रूप से तेजी से बढ़ते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क के आंतरिक भाग में दबाव बढ़ता है। नतीजतन सिरदर्द आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

**प्राइमरी और मेटास्टेटिक ट्यूमरः** जो ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं, उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जो ट्यूमर मस्तिष्क से परे शरीर के दूसरे अंगों जैसे किडनी, लिवर और फेफड़ों आदि के जरिए मस्तिष्क तक पहुंचते हैं, उन्हें सेकेंडरी या मेटास्टेटिक ब्रेन ट्यूमर कहते हैं।

## ब्रेन ट्यूमर के कारण

ब्रेन ट्यूमर होने का कोई एक निश्चित व विशिष्ट कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार व्यक्ति की जेनेटिक प्रोग्रामिंग की सीक्वेंसिंग में होने वाली गड़बड़ी या जींस से संबंधित गड़बड़ियों के कारण ज्यादातर ट्यूमर उत्पन्न होते हैं। बावजूद इसके कुछ ऐसी स्थितियां हैं, जिनके परिणामस्वरूप इसके होने का जोखिम बढ़ सकता है। जैसे-

**विकिरण (रेडिएशन) युक्त अनहेल्दी माहौलः** जिस माहौल में आप रहते हैं, वहां पर किसी रासायनिक या अन्य विषाक्त गैसों का रेडिएशन रिस्की हो सकता है। अगर किसी वस्तु या स्थान से रेडिएशन हो रहा है तो कालांतर में ऐसे माहौल में रहने से ब्रेन ट्यूमर का जोखिम बढ़ सकता है।

## ब्रेन ट्यूमर के सामान्य लक्षण

ब्रेन ट्यूमर के कोई स्पेसिफिक लक्षण नहीं होते हैं। सिर में लगातार दर्द रहना, लेकिन कालांतर में तेज सिरदर्द होना। ब्रेन ट्यूमर का दर्द आमतौर पर सुबह के वक्त ज्यादा होता है। सिरदर्द के साथ उल्टी होना। उल्टी के बाद सिरदर्द में तात्कालिक तौर पर राहत मिल जाती है। शरीर के किसी भाग जैसे दाएं हाथ व पैर या बाएं हाथ और पैर में कमजोरी महसूस करना। बोलने में दिक्कत महसूस होना। किसी बात को समझने या फिर भाषा को समझने में दिक्कत। ट्यूमर न्यूरॉन्स को दबाते हैं, जिसके कारण मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। नेत्र ज्योति का कम होते जाना या धुंधला दिखाई पड़ना। मेमोरी कमजोर होना। पढ़ने या लिखने में परेशानी महसूस करना। हर वस्तु का दोहरा (डबल) स्वरूप दिखाई पड़ना। शारीरिक संतुलन खोना या चक्कर आना। स्वाद व सूंघने की शक्ति का कमजोर होना जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

## डायग्नोसिस के तरीके

**सीटी स्कैन (ब्रेन)ः** इसकी सहायता से मस्तिष्क के आंतरिक भागों की फोटो देखकर मर्ज की स्थिति का आकलन किया जाता है।

**एमआरआई (ब्रेन)ः** इसके अंतर्गत रेडियो सिग्नल की मदद से मस्तिष्क की संरचना से संबंधित जानकारियां ली जाती हैं।

**फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन)ः** फंक्शनल एमआरआई की जांच से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी अब कहीं ज्यादा बेहतर हो चुकी है। इसका कारण यह है कि इस विशिष्ट एमआरआई से मस्तिष्क के आंतरिक भाग की गतिविधियों और ट्यूमर के कारण मस्तिष्क के अमुक भाग में हुई क्षति का सटीक आकलन किया जा सकता है।



## इलाज के तरीके

**सर्जरीः** जांचों के आधार पर न्यूरो सर्जन यह बात सुनिश्चित करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का आकार और उसकी स्थिति क्या है। इसके बाद ही ट्यूमर की सर्जरी का निर्णय लिया जाता है।

**एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रियाः** ब्रेन ट्यूमर को हटाने में इस प्रक्रिया का भी सहारा लिया जाता है।

**विकिरण (रेडिएशन) थेरेपीः** इन दिनों प्रचलन में जारी लगभग सभी रेडिएशन थेरेपीज 'फोकस्ड' या 'टारगेटेड' होती हैं। फोकस्ड या टारगेटेड से यहां आशय ऐसी रेडिएशन थेरेपी से है, जिससे कैंसरग्रस्त कोशिकाओं या ट्यूमर के अलावा आसपास स्थित अन्य स्वस्थ टिश्यूज और कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। कैंसरग्रस्त ट्यूमर को हटाने के लिए विकिरण चिकित्सा का सहारा लेते हैं।

**गामा नाइफः** यह एडवांस रेडियोथेरेपी प्रोसीजर है। इस आधुनिक प्रोसीजर से ट्यूमर को खत्म करते हैं।

**साइबर नाइफ रेडिएशन थेरेपीः** अगर ट्यूमर का आकार टेढ़ा है या फिर अंडाकार है, तो ऐसे मामलों में साइबर नाइफ बेहतर साबित होता है।

**प्रोटॉन बीम थेरेपीः** कैंसर के इलाज में यह सबसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसमें ब्रेन ट्यूमर को हटाने के लिए प्रोटॉन की किरणों का उपयोग करते हैं, जबकि ज्यादातर रेडिएशन थेरेपी में एक्स-रे का उपयोग होता है।

**कीमोथेरेपीः** इसके अंतर्गत ट्यूमर को समाप्त करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है।

## ब्रेन ट्यूमर से बचाव

फिलहाल किसी वैक्सीन या दवा से ब्रेन ट्यूमर से बचाव संभव नहीं है। हालांकि धूम्रपान, शराब या अन्य नशों से दूर रहकर आप काफी हद तक स्वस्थ बने रह सकते हैं, लेकिन ये सब बातें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर्स से बचाव के संदर्भ में लागू नहीं होतीं। हां, सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स (मेटास्टेटिक) को परोक्ष रूप से स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## ब्रेन ट्यूमर से रिलेटेड मिथ-फैक्ट



**मिथः** तमाम लोगों का ऐसा मानना है कि मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल कालांतर में ब्रेन ट्यूमर का कारण बन सकता है।

**फैक्टः** ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में हुए एक अध्ययन के अनुसार अभी तक दुनिया भर में जो शोध, अध्ययन हुए हैं, उनसे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर होता है। बावजूद इसके तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि लंबे समय तक विकिरण (रेडिएशन) के प्रभाव में रहने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए विकिरण रहित स्वच्छ पर्यावरण व वातावरण में रहना मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत सुरक्षित होता है।

**मिथः** तनावग्रस्त रहने से ब्रेन ट्यूमर होता है।

**फैक्टः** इस तरह की धारणा बेबुनियाद है। ऐसे किसी शोध व अध्ययन से फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि तनावग्रस्त रहने से व्यक्ति ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त होता है।

**मिथः** युवाओं को ब्रेन ट्यूमर नहीं होता।

**फैक्टः** ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। चाहे वे युवा हों, वयस्क या फिर बुजुर्ग। इसका उम्र से कोई संबंध नहीं होता है।

**मिथः** उम्र बढ़ने पर ब्रेन ट्यूमर के मामले भी बढ़ते जाते हैं। यानी ओल्ड एज में इसकी आशंका बढ़ जाती है।

**फैक्टः** ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में मैलिग्नेंट ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा 1 प्रतिशत से कम होता है।

**डाइट सजेशन**

**शिखर चंद जैन**

आज की फास्ट लाइफस्टाइल में लोग अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड यानी रेडी टू ईट या फ्रोजेन या पैक्ड फूड्स का सेवन काफी करने लगे हैं। इससे फिजिकल हेल्थ पर तो कई तरह से बुरा असर पड़ता ही है, कई मेंटल प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

# मेंटल हेल्थ को प्रभावित करता है अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड



अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सेवन से लिवर फैट, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने, मोटापा, माइग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं तो होती ही हैं। इसके अलावा इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इस संबंध में कई शोध ऐसे हो चुके हैं जिनसे यह बात प्रमाणित होती है। ऐसे कुछ शोध अमेरिका की संस्था सैपियन लैब्स में हुए, जो वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली का अध्ययन करती है। इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के कारणों को समझना और 'ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट' के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य भागफल का डेटा एकत्र करना है। यह 'मेंटल हेल्थ मिलियन प्रोजेक्ट' द्वारा मानसिक स्वास्थ्य का आकलन भी करती है। सेपियन लैब्स की 2025 की 'ग्लोबल माइंड हेल्थ' रिपोर्ट में यह पाया गया कि 18-34 वर्ष के युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने का एक मुख्य कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन है। भारत में इस आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवा इसका सेवन कर रहे हैं, जो अवसाद और कम भावनात्मक नियंत्रण से जुड़ा है।

## क्या कहती है लेटेस्ट रिसर्च

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड और मानसिक स्वास्थ्य के बीच के संबंध पर हालिया रिसर्च काफी चौंकाने वाली है। मानसिक स्वास्थ्य सूचकांक में गिरावट के कारणों से संबंधित रिसर्च में पाया गया कि जो लोग दिन में 3 बार या उससे अधिक अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड (जैसे चिप्स, सोडा, इंस्टेंट नूडल्स, फ्रोजन मील) खाते हैं, उनका 'मेंटल हेल्थ कोशेंट' उन लोगों की तुलना में बहुत कम होता है, जो इसे कभी-कभार खाते हैं।

## युवाओं पर गहरा असर

संस्थान के द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि भारत में 18-34 वर्ष के लगभग 44 प्रतिशत युवा भारी मात्रा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं। इस समूह में डिप्रेशन (अवसाद), एंग्जायटी (घबराहट) और इमोशनल कंट्रोल की कमी के मामले सबसे अधिक देखे गए। इनका अधिक सेवन मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो भावनाओं को नियंत्रित करते हैं।

## मेंटल हेल्थ पर दुष्प्रभाव

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मेंटल हेल्थ पर पड़ने वाले असर के बारे में वैज्ञानिकों ने इस शोध में तीन मुख्य कारण बताए हैं-

**गट-ब्रेन एक्सिसः** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और आर्टिफिशियल स्वीटनर्स, पेट के अच्छे बैक्टीरिया को खत्म कर देते हैं। चूंकि 90 प्रतिशत सेरोटोनिन (हैप्पी हार्मोन) पेट में बनता है, इसलिए खराब पाचन सीधे तौर पर खराब मूड और तनाव का कारण बनता है।

**न्यूरो-इंफ्लेमेशनः** अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में मौजूद 'इमल्सीफायर्स' मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकते हैं, जिससे सोचने-समझने की क्षमता और याददाश्त पर बुरा असर पड़ता है।

**पोषक तत्वों की कमीः** इस शोध में यह भी पाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों के मस्तिष्क को जरूरी ओमेगा-3 और विटामिन नहीं मिल पाते, जिससे मानसिक थकान बढ़ती है।

## व्यवहार में आए बदलाव

अधिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों में 'कॉग्निटिव डिक्लाइन' (मानसिक क्षमताओं में गिरावट) के लक्षण जल्दी देखे गए हैं। इनमें छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई यानी ब्रेन फॉग भी शामिल होता है।

## समस्या का समाधान

इस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों का सुझाव है कि आहार में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 'होल फूड्स' (फल, सब्जियां, दालें, अनाज) का होना चाहिए। यदि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन दिन में एक बार से कम कर दिया जाए, तो मानसिक स्वास्थ्य स्कोर में 15-20 प्रतिशत तक सुधार देखा जा सकता है।

## हार्मफुल अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड

**शुगरी ड्रिंक्स और सोडाः** कोला, एनर्जी ड्रिंक्स और पैकेट वाले 'फ्रूट जूस' (जिनमें चीनी/रंग ज्यादा होता है), सीधे तौर पर मानसिक सुस्ती और चिड़चिड़ापन बढ़ाते हैं।

**इंस्टेंट नूडल्स और सूपः** इनमें 'एमएसजी' यानी मोनो सोडियम ग्लूकानेट और अत्यधिक सोडियम होता है, जो मस्तिष्क की नसों पर दबाव डाल सकता है और 'ब्रेन फॉग' (मानसिक धुंधलापन) पैदा करता है।

**फ्रोजन और रेडी-टू-ईट मीलः** फ्रोजन पिज्जा, बर्गर पेटीज और पैकेट बंद स्नैक्स आदि में 'इमल्सीफायर्स' होते हैं, जो पेट की परत को नुकसान पहुंचाकर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

**स्वीट ब्रेकफास्ट सीरियल्सः** इनमें रिफाइंड शुगर बहुत ज्यादा होती है, जिससे 'शुगर क्रैश' होता है और थकान बढ़ती है।

**प्रोसेस्ड मीटः** प्रोसेस्ड मीट में मौजूद 'नाइट्रेट्स' शरीर में सूजन बढ़ाते हैं।

## बरतें सावधानी

यदि किसी फूड पैकेट के पीछे 5 से ज्यादा सामग्री लिखी हैं, या ऐसे नाम लिखे हुए हैं, जिन्हें आप पढ़ या समझ नहीं पा रहे तो इस बात की संभावना अधिक है कि वह फूड आइटम अल्ट्रा-प्रोसेस्ड है। *

## ये हैं हेल्दी डाइट ऑप्शंस



**नारियल पानी**, नीबू पानी या छाछ पीने की आदत डालें। इनमें नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो मूड सुधारते हैं। व्हाइट ब्रेड या मीठे सीरियल्स के बजाय ओट्स, दलिया या पोहा खाना फायदेमंद है क्योंकि ये धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करते हैं, जिससे बॉडी में शुगर लेवल स्थिर रहता है। आलू के चिप्स या कुरकुरे की बजाय भुने हुए मखाने, चने या नट्स (बादाम, अखरोट) आदि लें। नट्स में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क के लिए सुपरफूड जैसा काम करता है। इंस्टेंट नूडल्स के विकल्प के रूप में सूजी की सिंवइयां या घर का बना पास्ता खाएं। इनमें प्रिजर्वेटिव्स नहीं होते और ये सुपाच्य होते हैं। बिस्किट या कुकीज नहीं, ताजे फल या डार्क चॉकलेट (70 प्रतिशत कोको) खाएं। कई स्टडीज में सामने आया है कि डार्क चॉकलेट तनाव कम करने वाले हार्मोन रिलीज करती हैं।



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 2 जून को फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देसी कट्टे बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि 2 जून को क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने सलमान उर्फ सल्लू निवासी किला कॉलोनी गौतमबुद्ध नगर उप्र को अवैध देसी कट्टा सहित एयर फोर्स ग्रांउड एनआईटी-4 क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी से थाना मुजेसर के एक मोटरसाईकिल चोरी के मामले का खुलासा हुआ है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नासिर उर्फ भौपा वासी गांव धौज जिला फरीदाबाद को अवैध देसी कट्टा सहित करनेरा सेक्टर.58 पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।

### मारपीट करने के मामले में दो को दबोचा



**फरीदाबाद।** बीते 19 मई को सेक्टर 37 स्थित ओयो होटल में मारपीट करने के मामले में क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने मनीष उर्फ ईका व सेतू निवासी शिव दुर्गा विहार लक्कडपुर फरीदाबाद को दयालबाग रोड लक्कडपुर से 2 जून को गिरफ्तार किया है। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मुख्य आरोपी वंश के साथी है। वंश ही अपने साथ हुई कहासुनी का बदला लेने के लिये इनको सेक्टर 37 स्थित ओयो होटल पर लेकर गया था। दोनों ओयो के बाहर नीचे खडे होकर निगरानी कर रहे थे। वंश व अन्य लडक़ों ने अंदर जाकर मारपीट की थी। मुख्य आरोपी वंश को पहले ही गिरफ्तार कर 6 दिन पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। बता दें कि 19 मई को सेक्टर 37 स्थित एक ओयो होटल पर 10-15 लडके पाइप व डंडे लेकर लूटने की नियत से होटल में घुसे तथा शिकायतकर्ता व होटल के कर्मचारियों पर पाइप व डंडो से हमला कर दिया तथा कमरे मे रखे आई-फोन व बैग से 30000 रुपए लूट कर फरार हो गये।

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा चेकिंग के दौरान जिला फरीदाबाद में जीएसटी चोरी के संबंध में 19 कॉमर्शियल वाहनों पर की गई कार्यवाही



## जीएसटी चोरी के शक में वाहन काबू किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुछ गाडिय़ां दिल्ली प्रदेश से परचून आदि का सम्मान लेकर फरीदाबाद के रास्ते यूपी व अन्य प्रदेशों की तरफ जाती है। जिनमे लोड सामान के पूरे बिल नही होते और बिना बिल के सामान ले जाकर उनके द्वारा जीएसटी चोरी की जाती है। अचानक चेकिंग की जाए तो एक बड़े मामले का खुलासा हो सकता है। इस सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडऩ दस्ता फरीदाबाद की टीम द्वारा सुबह के समय फरीदाबाद के रास्ते यूपी की तरफ जाने वालों वाहनों की चेकिंग पुलिस चौकी सीकरी नाका पर की गई। सूचना के आधार पर कुल-19 कमर्शियल गाडिय़ो को जीएसटी चोरी के शक में काबू किया गया। जीएसटी विभाग फरीदाबाद के अधिकारियों से वाहन चालकों द्वारा पेश किए गए सामान के बिल आदि को चैक कराकर सभी गाडिय़ों को जीएसटी विभाग के अधिकारियों के हवाले किया गया है सभी 19 गाड़ियों का चालान किया गया है तथा उनमें लोड सामान का भोतिक निरीक्षण कराकर बिल से सामान का मिलान करने उपरांत नियमानुसार जुर्माना निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

### 2 किलो 990 ग्राम गांजा बरामद

## फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच का कांबिंग/सर्चिंग अभियान, राजीव कॉलोनी में की गई करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध नशा व नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। 3 जून को फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की 10 टीमों द्वारा राजीव कॉलोनी, सेक्टर-56 क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कांबिंग, सर्चिंग की गई। इस दौरान महिला कर्मचारियों सहित 100 के करीब पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी द्वारा टीमों का नेतृत्व किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2 वरुण दहिया के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की नशा तस्करों पर कार्रवाई जारी है। 3 जून की अल सुबह अपराध शाखाओं की 10 टीमों द्वारा राजीव कॉलोनी सेक्टर 56 क्षेत्र में कांबिंग, सर्चिंग की गई। डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा भी सर्चिंग की गई। इस दौरान क्राइम ब्रांच की टीमों द्वारा 3-4 संदिग्ध व्यक्तियों को डिटेन कर पूछताछ की गई है। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखाओं की टीम ने कांबिंग, सर्चिंग से पहले, 2 जून को राजीव कॉलोनी से संबंधित नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 2 किलो 990 ग्राम गांजा बरामद हुआ। 2 जून को अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने निर्मल कुमार निवासी गांव उत्तमगंज भागलपुर बिहार को 2 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ आशियाना फ्लैट सेक्टर 56 के पास से काबू किया। जिसने पूछताछ में बताया कि मथुरा से गांजा लेकर आया था और राजीव कॉलोनी में देना था। जिसको पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इसी अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने रोहित निवासी राजीव कॉलोनी को 430 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। वहीं एवीटीएस सिकरौना टीम ने राजीव कॉलोनी निवासी एक महिला को 460 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

### अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का 4 दिनों से जारी अभियान

# नेहरू कॉलोनी में चला निगम का बुलडोजर, एलिवेटिड पुल व आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए तोड़फोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद नगर निगम ने बुधवार सुबह एनआईटी.3 स्थित नेहरू कॉलोनी में तोडफ़ोड़ अभियान तेज कर दिया। यह कार्रवाई गुरुग्राम- फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस)कॉरिडोर और प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए की जा रही है। निगम की ओर से पिछले चार दिनों से लगातार अतिक्रमण हटाने और अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की कार्रवाई बीते चार दिनों से लगातार जारी है। तोडफ़ोड़ की शुरुआत 30 मई की देर रात को एनआईटी.3 स्थित मस्जिद चौक क्षेत्र से की गई थी, जहां लगभग 700 गज क्षेत्र में बने एक मस्जिद को हटाया गया। इसके अलावा करीब 30 वर्ष पुराने एक शिव मंदिर को भी ध्वस्त किया गया था। निगम अधिकारियों के अनुसार अब तक छोटे-बड़े मिलाकर 50 से अधिक अवैध निर्माणों को हटाया जा चुका है। नेहरू कॉलोनी में निगम द्वारा परिवारों को मकान खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। कई परिवार पहले ही कॉलोनी छोड़ चुके हैं, जबकि अन्य लोग लगातार घर खाली करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में बिजली और पानी के कनेक्शन भी काट दिए गए हैं। निगम अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल लगभग 50 फीट चौड़ाई तक की भूमि को खाली कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है, ताकि परियोजना के निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए। बुधवार सुबह करीब 7 बजे नगर निगम की जेसीबी मशीनों ने नेहरू कॉलोनी में दुकानों और मकानों को तोडऩा शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र कुमार के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट, एनजीटी के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। निगम अधिकारियों ने बताया कि तोडफ़ोड़ अभियान शुरू करने से एक दिन पहले संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था। बुधवार को निर्धारित योजना के तहत कार्रवाई शुरू की गई। नगर निगम कमिश्नर धीरेन्द्र कुमार के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट एनजीटी के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर और एलिवेटेड रोड परियोजना के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रशासन का दावा है कि परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और लोगों को तेज एवं सुगम परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

### हरियाणा भाजपा अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने युवाओं को बताया संगठन की ताकत

# भाजपा नेता रंजोत सिंह सन्नी ने हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भाजपा नेता रंजोत सिंह सन्नी ने हरियाणा भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से पंचकूला में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मृति चिन्ह भी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को भेंट किया। इस दौरान हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने युवा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि युवा संगठन की सबसे बड़ी शक्ति और भाजपा की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का युवा वर्ग ऊर्जा, उत्साह और समर्पण का प्रतीक है। राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं तथा संगठन को मजबूत बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ता भविष्य में भी पार्टी की विचारधारा और जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ करते रहेंगे। भाजपा नेता रंजोत सिंह सन्नी ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, कुशल नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी।

### चार सप्ताह में देना होगा जवाब

# एनजीटी ने थमायासाई उपवन के भीतर सड़क निर्माण, मिट्टी भरने और भूमि सुधार के लिए केंद्र और यूपी- सरकार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने साई उपवन के भीतर सड़क निर्माण, मिट्टी भरने और भूमि सुधार के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करते हुए,अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। गाजियाबाद के साई उपवन के भीतर सड़कों और अन्य संरचनाओं के निर्माण, मिट्टी भरने/भूमि सुधार का संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी), उत्तर प्रदेश सरकार, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद नगर निगम, जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संभागीय वन अधिकारी को भी नोटिस जारी किया है। अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने राज्य के अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। न्यायालय पूर्व नगर निगम पार्षद राजेंद्र त्यागी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिनका प्रतिनिधित्व उनके वकील आकाश वशिष्ठ कर रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि साई उपवन केवल एक खुला क्षेत्र नहीं है, बल्कि गाजियाबाद मास्टर प्लान 2031 के प्रावधानों के तहत एक नगर वन के रूप में निर्धारित है, जिसका उपयोग केवल नगर वन के उद्देश्यों के लिए ही किया जाना अनिवार्य है। साई उपवन, जो कि एक नामित शहरी वन है, जिसकी सड़कों और अन्य संरचनाओं के निर्माण, मिट्टी भरने/पुनर्प्राप्ति जैसी गैर-वन गतिविधियों/उपयोगों में परिवर्तित करने से न केवल हजारों वृक्षों से युक्त मौजूदा समृद्ध वृक्ष आवरण नष्ट हो रहा है, बल्कि कम से कम 100 एकड़ का एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त क्षेत्र भी हमेशा के लिए खो जाएगा। इस क्षेत्र का उपयोग गाजियाबाद जैसे शहर में वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और कमी के लिए वनीकरण/वृक्षारोपण के लिए किया जा सकता है, वरना लाखों स्थानीय निवासियों को ताजी, स्वच्छ हवा से वंचित होना पड़ेगा। अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने दलील दी साईं उपवन मे किया गया कृत्य कृत्य वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 16(2(ख)) के तहत सीपीसीबी द्वारा निष्पादित एनसीएपी के अंतर्गत कार्य योजना का पूर्णतः उल्लंघन है। उपर्युक्त कृत्य उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 17 के अंतर्गत अपने कार्यों के निष्पादन में हरित आवरण सृजन के संबंध में तैयार की गई योजना के भी अनुरूप नहीं है। उक्त कृत्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) द्वारा 23.07.2024 को उत्तर प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) और सीपीसीबी को साई उपवन में अवैध निर्माणों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जारी किए गए पत्र का घोर उल्लंघन है। राजेंद्र त्यागी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि गाजियाबाद 2025-26 में भी देश का सबसे प्रदूषित शहर बना है। सड़कों और अन्य संरचनाओं का निर्माण तथा मिट्टी भरना/पुनर्प्राप्ति का कार्य केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दोनों की कार्य योजनाओं में निहित प्रावधानों के पूर्णतः विपरीत है। वशिष्ठ ने कहा, कार्य योजनाओं में खुले स्थानों को हरा-भरा करने का प्रावधान है, जबकि साई उपवन केवल एक खुला स्थान नहीं है, बल्कि वर्तमान मास्टर प्लान के तहत एक समर्पित शहरी वन है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पीसीसीएफ को पत्र जारी किया था, फिर भी संभागीय वन अधिकारी द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया गया, कार्रवाई तो दूर की बात है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 02.07.2026 को सूचीबद्ध की है।

### इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

# यथार्थ हॉस्पिटल में हुई क्षेत्र की पहली अनोखी द्विपक्षीय कॉक्लियर इम्प्लांट सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



ईएनटी तथा हियरिंग रिस्टोरेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए यथार्थ हॉस्पिटल सेक्टर-88 फरीदाबाद के चिकित्सकों ने उन्नत वेरिया तकनीक का उपयोग कर पोस्ट-लिंगुअल बधिरता से पीड़ित एक वयस्क मरीज की क्षेत्र की पहली द्विपक्षीय (दोनों कानों में) कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह अत्यंत जटिल सर्जरी मात्र तीन घंटे में पूरी की गई, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह समय कई पारंपरिक एक तरफा मास्टॉयडेक्टॉमी सर्जरी से भी कम है। इस सफल ऑपरेशन को डॉ. (प्रो) आनंद गुप्ता, रीजनल डायरेक्टर एवं एचओडी ईएनटी एवं हेड एंड नेक कैंसर ने अंजाम दिया, जिससे न्यूनतम चीरा आधारित कॉक्लियर इम्प्लांट प्रक्रियाओं में एक नया मानक स्थापित हुआ है। पोस्ट.लिंगुअल बधिरता ऐसी स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति बोलने और भाषा विकसित करने के बाद अपनी सुनने की क्षमता खो देता है। इससे संचार में गंभीर बाधाएं, मानसिक तनाव और जीवन की गुणवत्ता में कमी आ सकती है। दोनों कानों में कॉक्लियर इम्प्लांट लगाने से ध्वनि को बेहतर तरीके से समझने, शोरगुल वाले वातावरण में बातचीत पहचानने, आवाज की दिशा का सटीक पता लगाने और समग्र रूप से बेहतर श्रवण क्षमता प्राप्त करने में मदद मिलती है। इस उपलब्धि पर डॉ. (प्रो) आनंद गुप्ता ने कहा कि यह सर्जरी कॉक्लियर इम्प्लांट तकनीक के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेरिया तकनीक के माध्यम से पोस्ट.लिंगुअल बधिर वयस्क मरीज में दोनों कानों का कॉक्लियर इम्प्लांट मात्र तीन घंटे में पूरा करना हमारी सर्जिकल दक्षता और तकनीकी प्रगति को दर्शाता है। यह तकनीक ऑपरेशन से होने वाले आघात को कम कर सकती है, रिकवरी अवधि को छोटा बना सकती है और गंभीर श्रवण हानि वाले मरीजों के लिए बेहतर दीर्घकालिक परिणाम प्रदान कर सकती है। परमिंदर सिंह, फैसिलिटी डायरेक्टर, यथार्थ हॉस्पिटल सेक्टर-88 ने कहा कि इस तरह की पहली द्विपक्षीय कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की सफलता यह दर्शाती है कि न्यूनतम इनवेसिव नवाचार श्रवण संबंधी सर्जरी के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल रहे हैं। वेरिया तकनीक अधिक सटीकता, दक्षता और सुरक्षा प्रदान करती है, जो जटिल द्विपक्षीय प्रक्रियाओं में बेहद महत्वपूर्ण हैं। पोस्ट.लिंगुअल बधिरता से जूझ रहे वयस्कों के लिए समय पर सुनने की क्षमता बहाल होना उनके संवाद, सामाजिक भागीदारी और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार ला सकता है।

### संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# मसूरी में चला प्रशासन का बुलडोजर, एलएमसी की जमीन पर बना अवैध मदरसा ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



जिला प्रशासन का बुलडोजर बुधवार को मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लुगड़ी ग्राम में चला। यहां कल्लुगड़ी ग्राम में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मदरसा ध्वस्त कर दिया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मन्देड़ का कहना है कि यह मदरसा ने इस अभियान की जानकारी दी। एक हेक्टेयर सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था। इसके अलावा खोड़ा में मदरसा में सील लगाने के बाद संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। तहसीलदार कोर्ट ने मसूरी में अवैध निर्माण के ध्वस्तिकरण के आदेश जारी किए थे। इन आदेशों के बाद बुधवार सुबह से ही कई बुलडोजर कल्लू गढ़ी पहुंचे तथा मदरसे को ध्वस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं इस पूरे प्रकरण में सरकार को हुए नुकसान के लिए 1 करोड़ 23 लाख रुपये की कुल रिकवरी निकाली गई है। यह बड़ी राशि अवैध कब्जा करने वालों से सख्ती से वसूली जाएगी। इस दौरान पूरे इलाके में हड़कम्प।की स्थिति बनी रही।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ कौआ पुत्र कालीचरण निवासी एस-35, बी-313, गोला कुआँ, औखला फेस-1, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **621/2020 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना औखला औद्योगिक क्षेत्र, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ कौआ** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ कौआ** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **621/2020 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना औखला औद्योगिक क्षेत्र, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ कौआ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री आकांक्षा गौतम**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
दक्षिण-पूर्व जिला, कमरा नं. 513
साकेत कोर्ट कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली

**DP/7112/SE/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बादल, पुत्रः विनोद कुमार, निवासीः गांव–जनोली, जिला, पलवल, हरियाणा** ने **FIR No.: 364/2022, Dated: 16.04.2022, U/s: 392/394/34 IPC, पुलिस थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बादल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बादल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मोती नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **बादल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रिया महेंद्र
एलडी. एएसजे–09, पश्चिम जिला, कमरा नंबर 307,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/7209/WD/2026**

**☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚**

**पैसेंजर रेलगाड़ी का विस्तार**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 74001/74004 दिल्ली जं. – रेवाड़ी जं. – दिल्ली जं. डीएमयू का रींगस जं तक विस्तार एवं यह गाड़ी सप्ताह में 2 दिन नई रेलगाड़ी संख्या 74041/74042 के साथ निम्न समय–सारणी के अनुसार चलायी जायेंगी:–

**रेलगाड़ी सं. 74041/74042 दिल्ली जं.–रींगस जं.–दिल्ली जं. पैसेंजर रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं.: 74041 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74042 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:05 | दिल्ली जं. | 08:10 | ---- |
| दिल्ली जं. – रेवाड़ी – दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नहीं है | | | | |
| 22:30 | 22:50 | रेवाड़ी जं. | 05:10 | 05:30 |
| 23:19 | 23:21 | अटेली | 03:53 | 03:55 |
| 23:37 | 23:39 | नारनौल | 03:36 | 03:38 |
| 00:02 | 00:04 | डाबला | 03:13 | 03:15 |
| 00:24 | 00:26 | नीम का थाना | 02:51 | 02:53 |
| 00:43 | 00:45 | कांवट | 02:32 | 02:34 |
| 01:00 | 01:02 | श्री माधोपुर | 02:15 | 02:17 |
| 01:45 | ---- | रींगस जं. | ---- | 02:05 |

चलने के दिन : 74041 दिल्ली जं से शनिवार व रविवार (सप्ताह में 2 दिन) दिनांक 06.06.2026 से और 74042 रींगस जं से रविवार व सोमवार (सप्ताह में 2 दिन) दिनांक 07.06.2026 से।

**74001/74004 दिल्ली जं. – रेवाड़ी जं. – दिल्ली जं. पैसेंजर रेलगाड़ी के फेरों में कमी**

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | वर्तमान आवृत्ति | संशोधित आवृत्ति | प्रभावी होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 74001 | दिल्ली जं | रेवाड़ी जं | प्रतिदिन | सप्ताह में 5 दिन शनिवार व रविवार को छोड़कर | 05.06.2026 |
| 74004 | रेवाड़ी जं | दिल्ली जं | प्रतिदिन | सप्ताह में 5 दिन रविवार व सोमवार को छोड़कर | 06.06.2026 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# अनियोजित निर्माण दे रहे हादसों को न्योता

शहरों में अनियोजित निर्माण लगातार बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। इसके कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को ही दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में लगी आग ने एक बार फिर शहरी विकास मॉडल की भयावह सच्चाई सामने ला दी है। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 17 विदेशी नागरिक शामिल थे। इससे दो दिन पहले भी एक इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आंकड़ों को देखें तो दिल्ली में पिछले 6 महीनों में ऐसी घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मालवीय नगर में यह केवल आगजनी की घटना नहीं, बल्कि उन खामियों का दर्दनाक परिणाम है जो वर्षों से हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, भवन निर्माण प्रणाली और सुरक्षा तंत्र में मौजूद हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस होटल में यह हादसा हुआ, उसके पास फायर एनओसी तक नहीं थी। सवाल यह है कि बिना आवश्यक सुरक्षा प्रमाणपत्र के होटल आखिर चल कैसे रहा था? देश के बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बन चुके हैं। ऐसे हादसे दिल्ली के अलावा मुंबई, हरियाणा, नागपुर और आंध्रप्रदेश में भी हो चुक हैं। जैसे आबादी बढ़ रही है, जमीन सीमित है और मुनाफे की होड़ में नियमों को कागजों तक सीमित कर दिया गया है। नतीजा यह है कि बहुमंजिला इमारतें तो खड़ी हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। कहीं आपातकालीन निकास नहीं हैं, कहीं अग्निशामक यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं, तो कहीं पानी की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं है। जब तक सब कुछ सामान्य रहता है, ये खामियां दिखाई नहीं देतीं, लेकिन जैसे ही कोई दुर्घटना होती है, इनकी कीमत इंसानी जानों से चुकानी पड़ती है। विडंबना यह है कि जिन भवनों को सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए, वे स्वयं जोखिम के केंद्र बने हुए हैं। आग लगने की घटनाओं में एक और बड़ी समस्या दमकल विभाग की सीमित क्षमता है। आज शहरों में 10, 15 और 20 मंजिल तक की इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड के पास सिर्फ 4 से 5 मंजिल से अधिक ऊंचाई तक पहुंचने वाले आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और स्काईलिफ्ट तक उपलब्ध नहीं हैं। जब आग बहुमंजिला इमारतों में फैलती है, तब बचाव कार्य समय के खिलाफ लड़ाई बन जाता है। संकरी गलियां, अव्यवस्थित पार्किंग और अवैध निर्माण इस लड़ाई को और कठिन बना देते हैं। दमकल की गाड़ियां मौके तक समय पर नहीं पहुंच पातीं और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यह समस्या केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं है। आम नागरिकों और भवन मालिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। अक्सर लोग अतिरिक्त कमरे बनाने, अधिक किराया कमाने या ज्यादा जगह घेरने के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं। आपातकालीन निकास बंद कर दिए जाते हैं, सीढ़ियों पर सामान रख दिया जाता है और बिजली की असुरक्षित वायरिंग को नजरअंदाज किया जाता है। दुर्घटना होने तक किसी को खतरे का एहसास नहीं होता। ऐसे में लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए, क्योंकि कोई भी आपदा बताकर नहीं आती। यानी बचाव के उपाय पहले से ही किए जाएं तो ऐसी गंभीर आपदाओं से बचा जा सकेगा। इसलिए जवाबदेही तय करनी ही होगी। तभी हम ऐसी विपदाओं से पार पा सकेंगे।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मानसून और कच्चे तेल की चुनौतियां

आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। 2 जून को संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इससे आमजन को जूझना पड़ेगा।

इन दिनों देश के आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। हाल ही में 2 जून संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है और इससे देश के कई हिस्सों में लू और भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो सकती है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इसी तरह एक जून को हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आयएमडी) ने देश की धड़कन माने जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून के अपने पुराने अनुमान को और घटा दिया है। पहले जहां आयएमडी ने लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलआरए) की 92 फीसदी बारिश होने का अनुमान लगाया था, वहीं अब इसे घटाकर 90 फीसदी कर दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश में इस साल 'सामान्य से कम' बारिश होने की पूरी आशंका है। अगर मौसम विभाग का यह ताजा अनुमान सच साबित होता है, तो भारत पिछले एक दशक के सबसे सूखे मानसून का सामना करेगा। इससे पहले साल 2015 में भारत में इतनी कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जब मानसून सामान्य से लगभग 13 फीसदी कम था। चूंकि मानसून के दौरान अल-नीनो की स्थिति मजबूत होने की वजह से बारिश कम होगी। अब अल-नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है। वास्तव में देश के किसानों और कृषि क्षेत्र की चिंताएं बढ़ाने वाला यह परिदृश्य देश के वर्तमान सुकूनदायक कृषि क्षेत्र के समक्ष एक चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि कमजोर मानसून व सूखे की आशंका के साथ एक बार फिर इसी माह जून की शुरुआत से अमेरिका-ईरान के बीच पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले माह मई 2026 में चार बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर प्रतिदिन करीब 750 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। साथ ही भारत में महंगाई बढ़ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। प्रमुख कंसल्टेसी फर्म ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशियाई संकट के कारण भारत में वित्त वर्ष 2026-27 में महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपरी स्तर को छू सकती है। एशियाई विकास बैंक के द्वारा



प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2026-27 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि पेट्रोल और डीजल के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। निजी वाहन चलाने वालों का खर्च बढ़ गया है। डीजल महंगा होने से ट्रक, बस और माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है। इसका असर सब्जियों, फल, दूध और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर दिखाई देने लगा है। ऐसे में एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की ऊंची की मतों और महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में अल-नीनो के बढ़ते असर को देखते हुए केंद्र सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने 1 जून 2026 से देशव्यापी "खेत बचाओ" अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह (क्रॉप-स्पेसिफिक एडवाइजरी) दी जाएगी, ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फैसला ले सकें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ जानकारी बांटना नहीं है, बल्कि जमीन पर जाकर किसानों को यह बताना है कि उन्हें कम बारिश या सूखे के खतरे वाले इलाकों में कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस फसल की तरफ बदलाव करना चाहिए और उनके पास पारंपरिक खेती के क्या बेहतर विकल्प मौजूद हैं। किसानों को उनके इलाके के मौसम, वहां की मिट्टी और बाजार की मांग के हिसाब से व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस कमजोर मानसून और सूखे की आशंका के बड़े संकट से निपटने के लिए सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है। इस अभियान में स्थानीय पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं। इनमें से 500 टीमें विशेष रूप से देश के उन 100 जिलों में तैनात की जाएंगी, जहां रासायनिक खादों की खपत सबसे ज्यादा है। चूंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही है, अतएव सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के सभी लोगों के द्वारा हरसंभव तरीके से महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा।

देश के नागरिकों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई उस अपील पर अमल किया जाना होगा, जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल का किफायत से उपयोग करने की जरूरत बताई है। सरकार के द्वारा पेट्रोल में इथेनाल का मिश्रण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाना होगा। तेल की मांग में कमी करने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जानी होगी। उम्मीद करें कि सरकार संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा इस वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत किए गए मौसम अनुमानों के मद्देनजर कमजोर मानसून, अलनीनो और कृषि की बढ़ी हुई लागत संबंधी चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबले के लिए बहुआयामी उपायों के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में बढ़ती महंगाई से आम आदमी के लिए तात्कालिक राहत और भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को पेट्रोल-डीजल का विकल्प बनाने जैसे दीर्घकालीन उपायों के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। इससे देश के आम आदमी और किसानों सहित संपूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

महेन्द्र तिवारी




# क्या नए राजनीतिक युग की शुरुआत करेंगे अन्नामलाई

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहां राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चर्चाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है। इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है। वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली। वर्तमान समय में तमिलनाडु की राजनीति एक बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है। आने वाले कुछ दिन निश्चित रूप से इस बात का निर्धारण करेंगे कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य किस करवट बैठने वाला है।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मबल पाने ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है




संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

## साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी



संकलित

प्रेरणा

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साघू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाढ कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन के लिए ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया। साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए। डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साघु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### खेतों की सेहत की फिक्र जरूरी

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक एक बहुत ही अच्छा अभियान 'खेत बचाओ' चलाया है, जिसका मकसद खेतों की उपजाऊ क्षमता को रासायनिक खादों से होने वाले नुकसानों से बचाना भी है। कहते हैं कि जब जागो, तब सवेरा, लेकिन देर तक सोना हमेशा हानिकारक ही होता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन बहुत ही निराशाजनक है कि सरकारों की गलत नीतियों और संबंधित विभागों का कृषि के प्रति ढुलमुल रवैया आज खेतों पर भारी पड़ रहा है। उनकी उपजाऊ क्षमता रासायनिक खादों के कारण कम हो रही है। भूमि बंजर होने की आशंका है। सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है कि उसने खेतों की बीमार होती सेहत के लिए खेत बचाओ अभियान चलाया है।

*- सतीश मरकाम, जगदलपुर*

## करंट अफेयर


### अमेरिकी वैज्ञानिकों पर मंकीपॉक्स वायरस की तस्करी का आरोप



अमेरिका की एक सरकारी प्रयोगशाला के दो वैज्ञानिकों पर अफ्रीका से निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां देश में तस्करी करके लाने और मिशिगन के एक हवाई अड्डे पर जांचकर्ताओं से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डेट्रॉइट की संघीय अदालत में विंसेंट मुंस्टर और क्लॉड क्वे के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई। मुंस्टर, मोंटाना के हैमिल्टन स्थित 'रॉकी माउंटेन लैबोरेटरीज' में वायरस पारिस्थितिकी अनुभाग के प्रमुख हैं और क्वे उनके साथ काम करते हैं। मुंस्टर और क्वे को जनवरी में डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया था, जब वे पेरिस से लौटे थे और उससे पहले कांगो गणराज्य में नौ दिन बिताकर आए थे। मध्य अफ्रीका के विशाल देश कांगो में एमपॉक्स बीमारी के प्रकोप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, करीब दो वर्षों से जारी यह प्रकोप अप्रैल में समाप्त घोषित कर दिया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अदालत में दाखिल दस्तावेज में कहा कि मुंस्टर ने इस बात से इनकार किया था कि वह किसी जैविक सामग्री या नमूने के साथ अमेरिका लौटा है। लेकिन बाद में जांच में पता चला कि दोनों के पास निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां थीं।

## ऑफ बीट

### जब बच्चा डर के कारण पीछे हटे, तो माता-पिता क्या करें?



अगर आपका बच्चा कभी स्कूल के खेल दिवस या दौड़ प्रतियोगिता वाले दिन सुबह अड़ियल रवैया अपनाने लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं जो इस तरह की चिंता से जूझ रहे हैं। कुछ बच्चों में ऐसे अवसर गहरी चिंता और घबराहट पैदा कर देते हैं। उनके मन में सवाल उठते हैं–अगर मैं सबसे धीमा निकला तो? माता–पिता के लिए ऐसे समय में यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या किया जाए। बहुत ज्यादा दबाव डालने पर सुबह का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है, जबकि बच्चे को छूट देने पर यह चिंता सताती है कि कहीं उसे चुनौतियों से बच निकलना तो नहीं सिखा रहे। ऐसे में क्या कभी बच्चे की इच्छा के अनुसार चलना ठीक है? और अगली बार उसे कोशिश करने का बेहतर अवसर कैसे दिया जाए? जब हम किसी ऐसी चीज से बचते हैं जिससे हमें डर लगता है, तो तुरंत राहत महसूस होती है। यह राहत बहुत असरदार होती है और हमारे मस्तिष्क को यह संदेश देती है कि बचना कारगर रहा। समय के साथ डर और बढ़ जाता है और उससे बचने की प्रवृत्ति भी मजबूत हो जाती है। यह केवल बच्चों के साथ नहीं, बल्कि हम सभी के साथ होता है। इसीलिए सामान्य तौर पर बच्चों के लिए यह बेहतर होता है कि वे अपने डर का सामना जल्द करें, उससे पहले कि उससे बचने की आदत बन जाए।

## ट्रेंड

### डीके शिवकुमार को बधाई



कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार को हार्दिक बधाई। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### लोगों की सेवा करते रहेंगे



कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। हम कर्नाटक के लोगों की बात सुनते रहेंगे, उनकी सेवा करते रहेंगे।

**-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

### हर पात्र को लाभ मिले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा व पैसे खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले।

**-शुभेंदु अधिकारी,** मुख्यमंत्री, बंगाल

### जैविक खेती अपनाएं



मैंने स्वयं जैविक खेती अपनाने का फैसला किया है। मैं चाहती हूं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। पहले साल मुझे नुकसान हो सकता है। मैं अपनी जमीन जोतने जा रही हूं। हर साल 12 दिसंबर को मैं मजदूरों के साथ खेतों में गन्ने की कटाई करूंगी।

**-पंकजा मुंडे,** पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अब उत्पादक कीमतों से मापी जाएगी महंगाई, 15 जून से लागू होगी नई पीपीआई व्यवस्था

## केंद्र सरकार की ओर से महंगाई और मूल्य निर्धारण संबंधी सांख्यिकीय व्यवस्था को आधुनिक बनाने की नई कवायद की जाएगी शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश की महंगाई और मूल्य निर्धारण संबंधी सांख्यिकीय व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए थोक मूल्य सूचकांक, होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्लूपीआई) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उसकी जगह प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) लागू करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार का कहना है कि यह बदलाव भारत की आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने और मूल्य संकेतकों को अधिक व्यापक एवं सटीक बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डब्ल्यूपीआई के आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने को मंजूरी दे दी है। संशोधित डब्ल्यूपीआई श्रृंखला और नई पीपीआई श्रृंखला का आधिकारिक विमोचन 15 जून को किया जाएगा।

### क्या है डब्ल्यूपीआई, क्यों बदला जा रहा है ?



डब्ल्यूपीआई देश में थोक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में होने वाले बदलाव को मापता है। यह लंबे समय से औद्योगिक उत्पादन, व्यापारिक अनुबंधों और विभिन्न सरकारी योजनाओं में मूल्य वृद्धि के आकलन का आधार रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान आर्थिक ढांचे में डब्ल्यूपीआई की सीमाएं हैं क्योंकि यह केवल वस्तुओं के थोक मूल्य को दर्शाता है और सेवा क्षेत्र को पर्याप्त रूप से शामिल नहीं करता। इसके अलावा यह उत्पादक स्तर पर लागत और मूल्य परिवर्तन की पूरी तस्वीर भी प्रस्तुत नहीं करत। इन्हीं कारणों से दुनिया के अधिकांश विकसित और उभरते देशों ने पीपीआई को अपनाया है, जो उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उत्पादकों को मिलने वाली कीमतों में परिवर्तन को मापता है।

### क्या है पीपीआई?

प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स किसी उत्पाद या सेवा के उत्पादक को प्राप्त होने वाली कीमतों में समय के साथ होने वाले बदलाव को मापता है। यह सूचकांक उत्पादन लागत और मूल्य परिवर्तन को बेहतर तरीके से दर्शाता है। उद्योगों पर पड़ने वाले मूल्य दबाव का प्रारंभिक संकेत देता है। भविष्य की उपभोक्ता महंगाई का अनुमान लगाने में मदद करता है। आर्थिक नीति निर्धारण के लिए अधिक सटीक डेटा उपलब्ध कराता है।विशेषज्ञों के अनुसार पीपीआई के माध्यम से सरकार, उद्योग और निवेशक अर्थव्यवस्था में मूल्य परिवर्तन की वास्तविक स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

### 5 वर्षों तक साथ-साथ जारी होंगे डब्ल्यूपीआई और पीपीआई

सरकार ने स्पष्ट किया है कि डब्ल्यूपीआई को तत्काल समाप्त नहीं किया जाएगा। चूंकि डब्ल्यूपीआई का उपयोग हजारों सरकारी और निजी अनुबंधों, परियोजनाओं तथा मूल्य वृद्धि के प्रावधानों में किया जाता है, इसलिए इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखा जाएगा। इस अवधि में संशोधित डब्ल्यूपीआई और नया पीपीआई दोनों प्रकाशित किए जाएंगे उद्योग और संस्थानों को नई प्रणाली अपनाने का समय मिलेगा। पुराने अनुबंधों और आर्थिक आकलनों में व्यवधान नहीं आएगा। पांच वर्षों के संक्रमण काल के बाद डब्ल्यूपीआई को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि पीपीआई लागू होने से महंगाई संबंधी आंकड़ों की गुणवत्ता बेहतर होगी। उद्योगों की लागत संरचना को समझना आसान होगा। मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के निर्माण में मदद मिलेगी। वैश्विक निवेशकों को भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में अधिक विश्वसनीय संकेत मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप डेटा उपलब्ध होगा।

### वैश्विक मानकों की ओर बड़ा कदम

विशेषज्ञों का कहना है कि डब्ल्यूपीआई से पीपीआई की ओर संक्रमण भारतीय आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली में पिछले कई वर्षों के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक माना जा सकता है। इससे भारत की महंगाई मापन प्रणाली अधिक आधुनिक, पारदर्शी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनेगी।

---

### सीबीएसई ने की फीस जमा करने की पहल

# सुविधा देने को केंद्र सरकार ने 4 नए गेटवे बनाए, अब तक 40, 000 आवेदन मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल छात्रों के भारी ट्रैफिक और कई साइबर हमलों के प्रयासों के बावजूद पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रूप से काम कर रहा है। सीबीएसई ने 'एक्स' पर इस बात की आधिकारिक जानकारी साझा की है।

छात्रों से मिले फीडबैक के बाद बोर्ड ने पोर्टल में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिसमें सेशन टाइम लिमिट को बढ़ाना भी शामिल है। पोर्टल की क्षमता को अब काफी बढ़ा दिया गया है, जिससे अब एक साथ लगभग 14,000 यूजर्स इस वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। आज सुबह 9:30 बजे तक 40,000 छात्र सुविधा का लाभ उठाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं।

## अब पोर्टल भारी ट्रैफिक के बीच सुचारू रूप से काम कर रहा

- सीबीएसई ने 'एक्स' पर इस बात की आधिकारिक जानकारी साझा की है।
- इस दौरान पोर्टल पर कई तरह के महत्पूर्ण सुदार किए गए हैं



### बोर्ड ने दी सतर्क रहने की सलाह

सीबीएसई ने कहा कि हमारी टीमें एक सुरक्षित, विश्वसनीय और छात्र-अनुकूल प्लेटफॉर्म सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रख रही हैं।' इसके साथ ही बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ें और पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली सभी जानकारियों की सटीकता सुनिश्चित करें। छात्र इस प्रक्रिया के लिए 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### एसबीआई सहित कई बैंकों में सुविधाएं दी

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुविधा के लिए वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि भुगतान पूरा करने के लिए छात्रों का इन विशिष्ट बैंकों में खाता होना जरूरी नहीं है। वे इन गेटवे से किसी भी बैंक के ऑनलाइन भुगतान विकल्पों जैसे- यूपीआई, नेट बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट का उपयोग कर सकते हैं।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव हुई सीबीएसई की टीम

भले ही प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ छात्र अभी भी पोर्टल से जुड़ी समस्याओं को साझा कर रहे हैं, लेकिन अब सीबीएसई की टीम सक्रिय रूप से हर शिकायत का जवाब दे रही है। लॉगिन फेल होने, 'लॉगिन रिक्वेस्ट एक्सपायर्ड' या वेरिफिकेशन एरर जैसी समस्याओं पर बोर्ड ने छात्रों से सीधे संवाद किया है। सीबीएसई ने तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहे छात्रों को जवाब देते हुए कहा कि वे अपनी समस्या का संक्षिप्त विवरण, स्क्रीन पर दिख रहा एरर मैसेज, अपना रोल नंबर, एप्लीकेशन आईडी और एडमिट कार्ड आईडी बोर्ड को डायरेक्ट मैसेज के जरिए भेजें ताकि संबंधित विभाग से इसे तुरंत हल कराया जा सके। बोर्ड ने छात्रों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा वे अपनी लॉगिन क्रेडेंशियल्स, विवरण, पासवर्ड और एडमिट कार्ड आईडी को पूरी तरह सही और दिए गए विवरणों के अनुसार ही दर्ज करें।

---

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पर बड़ा हमला बोला

# सीबीएसई विवाद पर जयराम ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, जवाबदेही तय होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम को लेकर उठे विवाद के बीच कांग्रेस ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि सीबीएसई नेतृत्व का तबादला कर देने भर से मामले की जवाबदेही तय नहीं हो जाती और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए। जबकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दूसरे पोस्ट में शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार से जुड़े नए तथ्य लगातार सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओएसएम सिस्टम की खरीद प्रक्रिया और उसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता ने मीडिया के खबरों के हवाले से दावा किया कि शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति, जिसकी अध्यक्षता सांसद दिग्विजय सिंह कर रहे हैं, के समक्ष सीबीएसई ओएसएम खरीद प्रक्रिया से जुड़े सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ये सवाल 18 वर्षीय छात्र सार्थक सिद्धांत द्वारा उठाए गए थे, जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कथित अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया था।रमेश ने कहा कि यह मामला शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के शीर्ष स्तर पर जवाबदेही की कमी को दर्शाता है।

### पहले ही जताई गई थीं आपत्तियां

कांग्रेस ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि ओएसएम सिस्टम के ड्राई रन में शामिल कई प्रतिभागियों ने इसके संचालन को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की थीं। रिपोर्ट के अनुसार प्रतिभागियों ने सीबीएसई को सुझाव दिया था कि तकनीकी खामियों को दूर करने और मूल्यांकनकर्ताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण देने तक इस प्रणाली को लागू करने में देरी की जाए। कांग्रेस का आरोप है कि इन सुझावों को नजरअंदाज किया गया और कई तकनीकी समस्याओं के समाधान के बिना ही प्रणाली को लागू कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप मूल्यांकन प्रक्रिया प्रभावित हुई।

### पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया पर भी उठे सवाल

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सीबीएसई उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन प्रक्रिया के लिए घोषित अपनी समय-सीमाओं का भी पालन नहीं कर सका। उनके अनुसार पहले 29 मई की समयसीमा आगे बढ़ाई गई और बाद में 1 जून की संशोधित समयसीमा भी पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने दावा किया कि 2 जून को पोर्टल खुलने के बाद भी अनेक छात्रों को लॉगिन और भुगतान से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### मंत्री पर सीधा हमला

कांग्रेस नेता ने प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'भ्रष्ट, अक्षम और असंवेदनशील मंत्रालय' का नेतृत्व कर रहे हैं। सार्वजनिक सर्वेक्षणों में भी शिक्षा मंत्रालय के कामकाज को लेकर असंतोष है और मंत्री के इस्तीफे की मांग उठ रही है। सीबीएसई और मंत्रालय से जुड़े लगातार विवादों के बावजूद प्रधानमंत्री शिक्षा मंत्री को बनाए रखने पर क्यों अड़े हुए हैं।

---

### सैनी ने पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ढिल्लों को पहुंचकर दी शुभकामनाएं

# पंजाब में इस बार बनेगी डबल इंजन की भाजपा सरकारः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी और पंजाब में भी हरियाणा की तरह डबल इंजन की सरकार बनेगी।

सैनी ने कहा कि भाजपा विचार आधारित संगठन है, जहां व्यक्ति नहीं बल्कि विचार और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता है, जिसके कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने देश की सुरक्षा, कृषि, उद्योग और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रदेश की जनता विकास, रोजगार, समृद्धि और सुशासन की आकांक्षा रखती है तथा भाजपा इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा संगठन को पंजाब में नई ऊर्जा, दिशा व मजबूती मिलेगी।

# डॉ. अर्चना गुप्ता ने संभाला हरियाणा भाजपा अध्यक्ष का पदभार ,दायित्व पर खरा उतरने का दिया भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पदग्रहण समारोह में विधिवत रूप से प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और भरोसा दिया कि उन्हें जो दायित्व मिला है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के अलावा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सांसद सुभाष बराला, सांसद संजय भाटिया, सांसद कार्तिकेय शर्मा, सांसद

अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त होगाः नायब



रेखा शर्मा सहित मंत्रियों, विधायकों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा कि प्रदेशाध्यक्ष संगठन का चेहरा और कार्यकर्ताओं की आशाओं का केंद्र होता है। वह संगठन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु होता है और पार्टी की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम होता है। प्रदेशाध्यक्ष का पद बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त होगा। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की जनसेवा की परंपरा और अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। भाजपा एक विचार, संस्कार और आंदोलन है। राष्ट्र निर्माण का एक सत्त अभियान है। इसमें व्यक्ति नहीं, विचार बड़ा होता है। पद नहीं, जिम्मेदारी बड़ी होती है। भाजपा में सत्ता नहीं, सेवा सर्वोपरि होती है।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता होना ही गर्व है। बूथ से लेकर सभी पदाधिकारियों की महता और जिम्मेदारी होती है कि वे संगठन को आगे बढ़ाते रहें। वे कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया।

---

# हवाई यातायात न हो 'हवा हवाई'...मोदी सरकार ने की चिंता ताकि किराया न बढ़े

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को नागरिक उड्डयन, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढांचा विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी। इनमें एयरलाइंस को विमान ईंधन की कीमतों में स्थिरता प्रदान करने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का विशेष कोष, दिल्ली-एनसीआर में पुराने ट्रकों और बसों को बदलने की योजना तथा ओडिशा और बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी शामिल है। रेलमंत्री, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इन निर्णयों की जानकारी दी।

### एयरलाइंस को राहतः ताकि आम आदमी की मुसीबत न बढ़े

मंत्रिमंडल ने भारतीय एयरलाइंस की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं को समर्थन देने के लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को एकमुश्त 10,000 करोड़ रुपए की बजटीय सहायता देने का फैसला किया है। सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण विमान ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में असाधारण वृद्धि हुई है। मार्च में एटीएफ की कीमत लगभग 60.5 रुपए प्रति लीटर थी, जो मई में बढ़कर 142 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई, यानी करीब ढाई गुना वृद्धि। सरकार द्वारा स्थापित किया जाने वाला यह कोष एक सेल्फ-सस्टेनिंग रिवॉल्विंग फंड के रूप में कार्य करेगा, जिससे अनुसूचित भारतीय एयरलाइंस को स्थिर दरों पर एटीएफ उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह व्यवस्था अगले 36 महीनों तक लागू रहेगी।

सरकार का दावा है कि इस कदम से देश के विमानन क्षेत्र से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लगभग 77 लाख रोजगारों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वरना किराया बढ़ने के साथ बड़े पैमाने पर छंटनी की तलवार लटक रही थी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक उच्चस्तरीय निगरानी समिति गठित की जाएगी, जिसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा व्यय विभाग के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति दावों के सत्यापन, भुगतान, समायोजन और लेखा-जोखा की निगरानी करेगी।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति मिली

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पुराने ट्रकों और बसों को बदलने की योजना



मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के लिए 9,585 करोड़ की विशेष सहायता योजना को भी मंजूरी दी है।इस का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले पुराने ट्रकों और बसों को हटाकर उनकी जगह बीएस-6 मानक या इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है।

### किन वाहनों को मिलेगा लाभ

योजना के तहत दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्रों में पंजीकृत ऐसे ट्रक और बस मालिकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिनके वाहन बीएस-4 या उससे पुराने उत्सर्जन मानकों वाले हैं। सरकार का अनुमान है कि इस योजना के तहत लगभग 2 लाख पुराने ट्रकों को बदला जाएगा। करीब 16 हजार पुरानी बसों को आधुनिक और स्वच्छ वाहनों से प्रतिस्थापित किया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने इसे प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक ₹ऐतिहासिक दो वर्षीय योजना₹ बताया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह योजना दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को भी नई गति दे सकती है।

### ओडिशा में नया तटीय राजमार्गः 8,300 करोड़ रुपए की परियोजना

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक नए तटीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। परियोजना की कुल लंबाईः 163 किलोमीटर से अधिक है जबकि अनुमानित लागतः 8,300 करोड़ रुपये से अधिक मानी जा रहीं है। परियोजना से खुर्दा, पुरी, केंद्रापाड़ा, जगतसिंहपुर कनेक्ट हो सकेंगे। सरकार के अनुसार यह राजमार्ग ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था को मजबूत करेगा तथा पर्यटन, मत्स्य उद्योग, बंदरगाह गतिविधियों और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देगा। रामेश्वर और पारादीप के बीच यात्रा समय में लगभग ढाई घंटे की कमी आने का अनुमान है।

### बिहार को बड़ी सौगातः खगड़िया-पूर्णिया राष्ट्रीय राजमार्ग होगा फोर लेन

मोदी सरकार ने बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 और राष्ट्रीय राजमार्ग-231 के खगड़िया-पूर्णिया खंड को चार लेन में विकसित करने की परियोजना को भी मंजूरी दी है। परियोजना की लागत 3,936 करोड़ रुपए से अधिक है मगर इससे खगड़िया से पूर्णिया आवागमन आसान होगा पूर्वोत्तर बिहार में बेहतर संपर्क सुविधा मयस्सर हो सकेगी। अश्वनी वैष्णव का कहना है कि यह परियोजना राज्य के महत्वपूर्ण आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। इस सड़क के विकसित होने से माल परिवहन तेज होगा, औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा सीमांचल और कोसी क्षेत्र के लाखों लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल कुमार, पुत्रः कमल, पताः म. नं. 254डी, सेक्टर–24, जेजे कॉलोनी, दिल्ली, बेगम पुर, रोहिणी, दिल्ली** ने **FIR No. 12118/22, U/s 411 IPC. पुलिस थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विशाल कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विशाल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 12118/22, U/s 411 IPC. पुलिस थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अभियुक्त **विशाल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7095/RD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश पुत्रः छोटे लाल पताः मकान नं. 823, गली नं. 08, एल–प्रथम, संगम विहार, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 1472/2015 U/s 33/58 Delhi Excise Act, थानाः नेब सराय, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1472/2015 U/s 33/58 Delhi Excise Act, थानाः नेब सराय, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
दक्षिणी जिला, रूम नं. 212
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/7221/SD/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन छिल्लर पुत्रः तारिफ सिंह पताः गाँव बमडोली, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा और डी–24, गली नं. 1, मकसुदाबाद, नजफगढ़, दिल्ली** ने case **FIR No. 365/2009 U/s 498A/406/34 IPC, थानाः नांगलोइ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन छिल्लर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नवीन छिल्लर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 365/2009 U/s 498A/406/34 IPC, थानाः नांगलोइ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नवीन छिल्लर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपिका गोयल शौकीन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–03
पश्चिम, रूम नं. 245
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7301/OD/2026 (Court Matter)

## खबरों के बाद आरबीआई ने जारी किया स्पष्टीकरण

# सोना बेचने की खबरें गलत, भौतिक भंडार 880 टन पर स्थिर : आरबीआई

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है। आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं।'' उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की।

### सोने की हिस्सेदारी 22 मई 2026 तक 16.85 प्रतिशत

आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है।

### खास बातें

- विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए बेचने का लगा था आरोप
- केंद्रीय बैंक ने 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है
- भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है




### रुपया एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा

आरबीआई आमतौर पर डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करता है। रुपया 20 मई, 2026 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 33 पैसे टूटकर 96.86 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक दबाव के बीच रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

### 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में

आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था। शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है।

### सोने के मूल्य में 63 फीसदी की वृद्धि

*रिपोर्ट में कहा गया, '' बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है।'' इस वृद्धि की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट है।*

### रुपया सात फीसदी तक टूट चुका

*रुपया वर्तमान में लगभग सात प्रतिशत (2026 में अब तक) टूट चुका है और फरवरी के अंत में ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से करीब छह प्रतिशत कमजोर हुआ है। यह दबाव महंगे कच्चे तेल, पूंजी निकासी, बढ़ते व्यापार घाटे और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण बना हुआ है।*

## कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसेक्स 304 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र की तेजी के बाद बुधवार को फिर गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी और संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,157.24 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला निफ्टी 77.95 अंक की गिरावट के साथ 23,405.60 अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में मंगलवार को चार दिन की गिरावट के बाद लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 8.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा (6.23 प्रतिशत), एचसीएल टेक (5.25 प्रतिशत) और इन्फोसिस (3.82 प्रतिशत) भी नुकसान में रहीं। इसके अलावा आईटीसी, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट आई।

## वैचारिक संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन




**नई दिल्ली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस की पूर्व संध्या पर वैचारिक संगोष्ठी और सम्मान समारोह कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी, डीयू की प्रो.चंद्रकांता, ग्राफिस एड के चेयरमैन मुकेश गुप्ता, पूर्व सांसद बिजय सोनकर शास्त्री, उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने भाग लिया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रेल व मई में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवा कर सुरक्षित, संरक्षित तथा समयबद्ध यात्रा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के अप्रेल व मई में 3.17 करोड यात्रियों से 656 करोड़ रूपये तथा 5.39 मिलीयन टन माल की ढुलाई से 702 करोड़ रूपये अर्जित किये है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार श्री अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने संरक्षा, समयपालन, यात्री सुविधाओं में बढोतरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने तथा निर्माण व विद्युतीकरण कार्यों को लक्ष्यानुसार पूरा करने पर विशेष बल दिया है। इन कार्यों के बेहतर निष्पादन से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष वर्ष 2026-27 के अप्रेल व मई में 3.17 करोड यात्रियों से 656 करोड़ रूपये तथा 5.39 मिलीयन टन माल की ढुलाई से 702 करोड़ रूपये अर्जित किये है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने अप्रेल व मई 2026 में यात्री आय से 656 करोड़ रूपये अर्जित किए है, जो कि गत वर्ष की इसी अवधि से 17 प्रतिशत अधिक है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that our client, Smt. Neelam W/o Harish Malhotra residents of House No. E/37, Nirmal Vihar, Nangloi Road, Najafgarh New Delhi-110043, have disowned and debarred her son, namely Abhishek Malhotra, his wife Smt. Bharti Malhotra, his son Vansh Malhotra and his daughter Shreyanshi Malhotra from all her movable & immovable properties and have severed all relations with them. Any person dealing with them in any manner whatsoever shall be doing so at his/her own cost, risk, and responsibility. Our client and her family members shall not be held responsible for any of their acts.

ROHIT YADAV (ADVOCATE)
Ch. no. 402, Civil Side Tishazari Courts, Delhi-110054

## पेज एक का शेष...

### मालवीय नगर के...

कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

छह कमरों की अनुमति वाले होटल में बने थे 25 कमरे : पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' नीति के तहत होटल को केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन वह 25 कमरे का उपयोग कर रहा था। तहखाने में भी कमरे बनाए गए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही द्वार था। अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की जांच चल रही है। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनमें से कई मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। उनके परिजनों का इलाज कुछ ही मिनटों की दूरी पर स्थित मैक्स अस्पताल में चल रहा था, जिस वजह से वे होटल में ठहरे हुए थे।

### ममता दीदी हमारी...

बागी विधायक, जो खुद को असली तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधि बता रहे हैं, अब मांग कर रहे हैं कि ऋतब्रता बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया जाए। टीएमसी नेता प्रसून बनर्जी ने कहा कि भाजपा के खिलाफ हमारा राजनीतिक संघर्ष बिना रुके जारी रहेगा। हमारी वैचारिक लड़ाई चलती रहेगी। इसके अलावा, जहां भी आवश्यक होगा, एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में सरकार के साथ हमारा सहयोग भी जारी रहेगा। आज आप जो देख रहे हैं वह कोई असाधारण बात नहीं है। यह केवल इस बात का प्रतीक है कि अधिकांश विधायकों ने सामूहिक रूप से चार नेताओं का चुनाव किया है जो विधानसभा में हमारा प्रतिनिधित्व करेंगे और हमारा नेतृत्व करेंगे।

### अब तंजानिया, केन्या...

विकसित करने की घोषणा की गई थी, उसी के अनुरूप मोरनी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में आज यह एमओयू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को किसी भी प्रकार के घाटा होने की स्थिति में भरपाई की जाएगी। इसके अलावा प्राकृतिक खेती करने वालों किसानो को बाजार भाव से 10 प्रतिशत अधिक फसल मूल्य कंपनी द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि लगभग 4 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती प्रारंभरिक चरण में शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उन्हें कृषि उद्यमिता, मूल्य संवर्धन और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना चाहती है। इसी सोच के तहत किसानों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस समझौते के तहत पंचकूला जिले के मोरनी क्षेत्र में अदरक, हल्दी, मिर्च सहित विभिन्न मसाला फसलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। एमडीएच किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, विपणन तथा खरीद संबंधी सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही हरियाणा में कीटनाशक-मुक्त और टिकाऊ खेती को प्रोत्साहित करते हुए किसानों से सीधे खरीद व्यवस्था को भी मजबूत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता हरियाणा के किसानों को वैश्विक कृषि व्यापार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत तंजानिया, केन्या तथा अन्य अफ्रीकी देशों में कृषि एवं व्यापार की संभावनाओं को विकसित किया जाएगा। भविष्य में यदि हरियाणा के एफपीओ इन देशों में भूमि लेकर अदरक, हल्दी, मिर्च एवं अन्य मसाला फसलों की खेती करते हैं, तो एमडीएच वहां उत्पादित फसलों की खरीद के लिए भी इच्छुक रहेगी। इससे हरियाणा के किसान पहली बार देश की सीमाओं से बाहर जाकर अफ्रीकी देशों में खेती और कृषि कारोबार से जुड़ सकेंगे।

एमडीएच के मालिक राजीव गुलाटी ने हरियाणा सरकार की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह दीर्घकालिक उद्देश्य केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि एक मजबूत एग्रीकल्चरल इकोसिस्टम तैयार करना है, जिसमें सरकार, किसान और उद्योग साझेदार के रूप में मिलकर कार्य करें। इस दौरान मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार, विदेश सहयोग विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार, हॉर्टिकल्चर विभागाध्यक्ष डॉ अर्जुन सैनी सहित प्रशासनिक अधिकारी और एफपीओ से जुड़े किसान भी मौजूद थे।

### संविधान हाथ में लेकर...

मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे भी शामिल है। दोनों ने डीके शिवुकमार की कैबिनेट में जगह बनाई है। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

### राज्य के हिंडन एयरबेस...

है। इसके अलावा फ्लाईपास्ट में प्रदेश की वीवीआईपी हस्तियां जैसे राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल हो सकते हैं। बीते सालों में इन जगहों पर हुए आयोजन : दिल्ली से बाहर पहली बार वर्ष 2022 में वायुसेनादिवस परेड और फ्लाईपास्ट चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था। जिसमें परेड वायुसेना के चंडीगढ़ एयरबेस और फ्लाईपास्ट सुखना झील के इलाके में हुआ था। इसके अगले साल यानी 2023 में बल की स्थापना दिवस परेड और फ्लाईपास्ट समारोह दोनों प्रयागराज में हुए थे। 2024 में यह पूरा आयोजन तमिलनाडु में हुआ था। जिसमें परेड समारोह तामबरम एयरबेस पर हुआ और फ्लाईपास्ट मरीना समुद्र तट पर पर आयोजित किया गया था। पिछले साल 2025 में वायुसेनादिवस परेड हिंडन एयरबेस पर हुई और फ्लाईपास्ट गुवाहाटी में हुआ था।

रॉयल एयरफोर्स से बनी भारतीय वायुसेना : गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 में ब्रिटिश वायुसेना की एक सहायक भारतीय शाखा के रूप में हुई थी। जबकि इसके युद्धक बेड़े में शामिल विमानों की पहली ऑपरेशनल (परिचालन) उड़ान 1 अप्रैल 1933 को हुई। यह वो दौर था जब देश आजाद नहीं हुआ था और उस पर ब्रिटिश साम्राज्य का भारत पर कब्जा था। इसलिए वायुसेना के साथ भी शुरुआत में रॉयल शब्द लगा हुआ था। जिसे वर्ष 1950 में भारत के गणतंत्र बनने के बाद आधिकारिक रूप से हटा दिया गया था। उसी के साथ रॉयल इंडियन एयरफोर्स से बदलकर वायुसेना, पूरी तरह से भारतीय वायुसेना में परिवर्तित हो गई।

आजादी के बाद निभाई अहम भूमिका : वायुसेना ने 1947 में देश को मिली स्वतंत्रता के बाद चार प्रमुख युद्धों में अहम भूमिका निभाई है। जिसमें से तीन पाकिस्तान (1965, 1971, 1999) के साथ और एक चीन (1962) के साथ लड़ा गया था। कई बड़े मिशन जैसे ऑपरेशन विजय (कारगिल), गोवा का अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस और ऑपरेशन पुमलाई में भी वायुसेना ने अपनी प्रचंड मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके अलावा बल की भूमिका बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भी रही है।

## एनएमडीसी ने अयस्क की कीमतें 200 रुपये, फाइन की 150 रुपये प्रति टन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र खनन कंपनी एनएमडीसी ने बुधवार को लौह अयस्क की कीमतें 200 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमतें 150 रुपये प्रति टन बढ़ा दीं। यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मौजूदा तिमाही में यह तीसरी बढ़ोतरी है। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि उसने बैला लंप अयस्क की कीमत 5,700 रुपये प्रति टन और फाइन की कीमत 4,850 रुपये प्रति टन तय की है। लंप अयस्क या उच्च-श्रेणी के लौह अयस्क में 65.5 प्रतिशत लौह तत्व होता है, जबकि फाइन निम्न-श्रेणी के अयस्क होते हैं जिनमें 64 प्रतिशत या उससे कम लौह तत्व होता है। तीन जून से प्रभावी नई कीमतों में रॉयल्टी, जिला खनिज कोष (डीएमएफ), राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (डीएमईटी) शामिल नहीं हैं; साथ ही इनमें उपकर, वन परमिट शुल्क, पारगमन शुल्क, जीएसटी, पर्यावरण उपकर और अन्य कर भी शामिल नहीं हैं। लौह अयस्क और कोकिंग कोयला दो ऐसे बुनियादी कच्चे माल हैं। जिनका उपयोग ब्लास्ट फर्नेस विधि से इस्पात के निर्माण में किया जाता है। इनकी कीमतों में होने वाले किसी भी बदलाव का सीधा असर इस्पात की दरों पर पड़ता है। इस्पात का व्यापक उपयोग निर्माण, बुनियादी ढांचा, वाहन और रेलवे जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।

## रुपया 31 पैसे कमजोर होकर 95.67 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 31 पैसे टूटकर 95.67 प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.80 के निचले स्तर पर रहा और कारोबार के अंत में 95.67 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट है।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

पत्र सं. 365135 — दिनांक: 02.05.2026

| शुद्धिपत्र विवरण | शुद्धिपत्र प्रकाशन तिथि |
|---|---|
| शुद्धिपत्र संख्या 3 | 02.06.2026 |

निविदा विवरण — समापन तिथि/समय 24.06.2026, 15:00
निविदा संख्या 365135 (खुली निविदा)
कार्य का नाम: वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनसेट का व्यापक रखरखाव अनुबंध।

संशोधित मदें एनआईटी हेडर

| फील्ड का नाम | मौजूदा मान | संशोधित मान |
|---|---|---|
| निविदा समापन तिथि और समय | 17.06.2026, 15:00 | 24.06.2026, 15:00 |
| बिडिंग प्रारंभ तिथि | 03.06.2026 | 10.06.2026 |

दस्तावेज

| फील्ड का नाम | मौजूदा मान | संशोधित मान |
|---|---|---|
| दस्तावेज | निविदा दस्तावेज | संशोधित निविदा दस्तावेज |

1879/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.ओ.आई)**

ईओआई क्रमांक: एनआर–डीएलआई/डब्ल्यू–आईवी/ईओआई/1/2026–27 दिनांक: 02.06.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, हरियाणा के बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक/स्टेशन के पहुंच मार्गों के किनारे स्थित रेलवे भूमि के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए सरकारी निकायों, नगर निगम प्राधिकरणों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, निगम संस्थाओं और अन्य इच्छुक पक्षों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआइ) आमंत्रित करता है। इच्छुक पक्ष अपनी ईओआई और मांगी गई जानकारी को सीलबंद लिफाफे में "संभागीय अभियंता–चतुर्थक, दिल्ली संभाग, उत्तरी रेलवे, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली" के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

अ. क्षेत्र की सामान्य जानकारी

| क्रम सं. | क्षेत्र का विवरण | अनुमानित क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1 | पार्क संख्या–1, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/40 से OHE 30/8 के बीच स्थित है। | इसका क्षेत्रफल लगभग 2942.56 वर्ग मीटर है। |
| 2 | पार्क संख्या–2, बहादुरगढ़ में डाउन लाइन की ओर OHE 29/12 से OHE 29/38 के बीच स्थित है। | इसका क्षेत्रफल लगभग 20381.40 वर्ग मीटर है। |

ई.ओ.आई. जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक है।

मंडल अभियंता– चतुर्थ
मंडल रेलवे प्रबंधक कार्यालय
स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली

1874/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इसिओमा** पुत्र एतुओकवु निवासी मकान नंबर 20, जीत प्रॉपर्टी के पास, चंदर विहार, निहाल विहार, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1131/2024 धारा 14/14 सी एफ. अधिनियम थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इसिओमा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इसिओमा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr. P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1131/2024 धारा 14/14 सी एफ. अधिनियम थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इसिओमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **08.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री कोमल गर्ग,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03,
पश्चिम जिला, न्यायालय संख्या 292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/7231/OD/2026

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## कमज़ोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 1,850 रुपये टूटा, चांदी 1,500 रुपये सस्ती

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,850 रुपये टूटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये या 0.55 प्रतिशत टूटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा कि बुधवार को घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें गिर गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका पैदा हो गई है, जिसका असर कीमती धातुओं पर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.54 प्रतिशत टूटकर 4,463.84 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी एक प्रतिशत टूटकर 74.43 डॉलर प्रति औंस रह गई। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि सोने की कीमतें दबाव में थीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान समझौता अभी भी दूर की कौड़ी बना हुआ है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाए आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक/प्रशासन/उत्तर रेलवे मध्य अस्पताल के अधीन एनआरसीएच में नए मॉड्यूलर रोबोटिक ओटी और संबद्ध कार्य का प्रावधान। | रू 41831245.75 | रू 836600/- | 04 माह | 30.06.2026 |

सूचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 30.06.2026 15.00 बजे तक ही भरी जाएगी। पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T-03-NRCH-2026-27 दिनांक: 02.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1882/26

## शब्द पहेली - 6246




**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

### शब्द पहेली- 6245 का हल





# फीफा विश्व कप : भारतीय मूल के चार खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं, जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नजर।



### सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड)

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019-2020 सत्र में बुंडेसलीगा का खिताब जीता था।

### अमेरिका में 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महाकुंभ





### सैमुअल मौतौसामी (कांगो)

मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। 29 वर्षीय मिडफील्डर वर्तमान में यूनान के सुपर लीग क्लब एटरोमिटोस के लिए खेल रहा है। वह कांगो की सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफ से अब तक 57 मैच खेल चुके हैं।

### निशान वेलुपिल्ले (ऑस्ट्रेलिया)

निशान वेलुपिल्ले की मां एंग्लो-इंडियन और पिता श्रीलंकाई मूल के तमिल हैं। यह 25 वर्षीय विंगर ऑस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम के उन 17 खिलाड़ियों में से एक हैं, जो फीफा विश्व कप में अपना पदार्पण करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष स्तरीय ए-लीग में मेलबर्न विक्ट्री के लिए खेलते हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड के दौरान ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया।



### तहसीन मोहम्मद (कतर)

तहसीन का जन्म दोहा में मलयाली माता-पिता के घर हुआ था, जो 2006 में कन्नूर से कतर चले गए थे। वह 16 जून को 20 साल के हो जाएंगे। तहसीन के पिता जमशेद कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी थे। कतर में अकाउंटेंट जमशेद थालास्सेरी के रहने वाले हैं और उनकी मां श्यामा कन्नूर के पास वालापट्टनम की रहने वाली हैं। तहसीन ने दोहा स्थित एस्पायर अकादमी में अपने फुटबॉल कौशल को निखारा और कतर स्टार्स लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। अभी वह अल दुहैल एससी के लिए खेलते हैं। विंगर तहसीन ने फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफायर ग्रुप मैच के दौरान 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया।

## खबर संक्षेप

### सूर्यकुमार यादव से छिनी टी20 की कप्तानी



**नई दिल्ली।** भारत को अपनी कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जिताने वाले स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटा दिया गया है। इतना ही नहीं, खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्या का अब आगे भारतीय टी20 टीम में चुना जाना भी बेहद मुश्किल नजर आ रहा है। बीसीसीआई ने यह कड़ा और बड़ा फैसला इस महीने के अंत में होने वाले आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों से ठीक पहले लिया है। बीसीसीआई अब नए विजन के साथ भारतीय टी20 टीम के लिए एक नए कप्तान की नियुक्ति करने जा रही है।

### भारत ने दनादन दागे 25 गोल सिंगापुर को दी शिकस्त



**काकामिगाहारा।** पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिनमें नौशीन नाज सबसे आगे रहीं। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल किए।

### एशियाई रिले : गुरविंदरवीर करेंगे दल की अगुवाई



**नई दिल्ली।** पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरविंदरवीर सिंह 20 और 21 जून को चीन के शांग्यू में होने वाली दूसरी एशियाई रिले चैंपियनशिप में भारत की 29 सदस्यीय मजबूत टीम की अगुआई करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि एएफआई की चुनी भारतीय टीम के सदस्य सभी छह रिले स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 'चीन में होने वाली यह प्रतियोगिता एथलीटों के लिए महाद्वीपीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका होगी।'

### चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में भारत



**काकामिगाहारा।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में 9 अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रुख अपनाया, जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान, सिद्धार्थ बेन और राहुल यादव ने दो-दो गोल किए।

## महिला टी20 : इंग्लैंड ने जीती सीरीज,कैप्सी और नाइट ने जड़ा अर्धशतक

# चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर हारी टीम इंडिया हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| टॉटन

एलिस कैप्सी की 82 रन की तूफानी पारी और हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की सधी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 6 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर 5 विकेट पर 180 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (11) और स्मृति मंधाना (08) के जल्दी आउट होने के बाद भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंद पर 7 चौकों की मदद से नाबाद 56 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत के अलावा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (24 गेंद पर नाबाद 32), यास्तिका भाटिया (18 गेंद पर 32) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद पर 29) ने भी उपयोगी योगदान देकर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कैप्सी और नाइट की शानदार पारियों के कारण यह स्कोर पर्याप्त साबित नहीं हुआ तथा इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



### कैप्सी और नाइट ने की 137 रन की साझेदारी

अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ ने भारत की तरफ से दो-दो विकेट लिए। इन दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 38 रन था। कैप्सी और नाइट ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड इस प्रारुप में अपना दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। भारत को इस हार के बाद महिला टी20 विश्व कप से पहले अपने कमजोर पक्षों में सुधार करने की जरूरत होगी। भारतीय टीम विश्व कप में अपनी पहले मैच में 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान का सामना करेगी।

### इंग्लैंड ने पावर प्ले गंवाए 3 विकेट

इंग्लैंड ने पावर प्ले के दौरान ही सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकली (16), डैनी व्याट-हॉज (05) और एमी जोन्स (02) के विकेट गंवा दिए थे। टीम में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके देते हुए हॉज और जोन्स को आउट किया। हॉज एक बेहतरीन गेंद पर आउट हुईं, जो अंदर की ओर स्विंग होकर उनके स्टंप्स को झकझोर गई। इसके बाद कैप्सी और नाइट ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। कैप्सी ने अपनी 43 गेंदों की पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए जबकि नाइट की 42 गेंदों की पारी में 10 चौके शामिल हैं।

### सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत कौर ने विश्व कीर्तिमान बनाया है। न्यूजीलैंड की खिलाड़ी सुजी बेट्स को पछाड़कर कौर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इंग्लैड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में जैसे ही कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरीं, उन्होंने इतिहास रच दिया। अब वे तीनों फॉर्मेट को मिलकर सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन चुकी हैं। हरमनप्रीत का ये 368वां मैच था। इससे पहले न्यूजीलैंड की सुजी वेट्स ने 367 मैच खेले थे।

### हम विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं, जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं।'

### नहीं कर पाए डॉट गेंद, विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त 'डॉट' गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## नॉर्वे चेस

# 7 दिन में दूसरी बार प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को हराया



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह 8 अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं। इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है।

### 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

प्रज्ञानानंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा।

### क्लासिकल बाजी में हारी दिव्या

महिला वर्ग में कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा ने दिव्या देशमुख को क्लासिकल बाजी में हराकर खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। चीन की झू जिनर ने भी क्लासिकल में जीत हासिल की। उन्होंने मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन को हराकर 10 अंक के साथ दिव्या की बराबरी कर ली। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुज़िचुक और कोनेरू हम्पी ने अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ किया। इसके बाद आर्मागेडन टाईब्रेक भी ड्रॉ रहने से हम्पी को बोनस अंक मिल गया क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी।

## फ्रेंच ओपन

# 6 साल में 5वीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह 6 साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

ज्वेरेव को कोर्ट पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी जोडर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2 घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

### शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में डायना श्नाइडर के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद तीन सेट में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका को क्वार्टर फाइनल में श्नाइडर के खिलाफ 3-6, 7-5, 6-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। श्नाइडर ने मैच के बाद कहा, ''सच कहूं तो मेरे पास कहने के लिए शब्द ही नहीं हैं। मैं बहुत खुश हूं। मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं हर अंक पर ध्यान लगाने की कोशिश कर रही थी।

## इंडोनेशिया ओपन

# प्री क्वार्टर फाइनल में आयुष सात्विक-चिराग मैच से हटे

**जकार्ता।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी चीन के होंग येंग चेंग को 8-21, 22-20, 21-15 से हराया। पहले गेम में करारी हार के बाद 21 साल के आयुष ने दूसरे गेम में 11-15 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। आयुष ने तीसरे और निर्णायक गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनकी भिड़ंत हांगकांग के ली च्युक यू से होगी।



# 6 साल बाद न्यूजीलैंड जाएगी टीम इंडिया खेलेंगी 5 टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह 2 टेस्ट, 5 एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारुप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी।

यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जिसका पहला मैच 4 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।



### टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन में

*टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।*


## भारत-अफगानिस्तान एक मात्र टेस्ट मैच 6 जून से

# सिराज-प्रसिद्ध ने भीषण गर्मी में किया जमकर अभ्यास

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी।

इंडियन प्रीमियर लीग में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे, लेकिन चिलचिलाती धूप में सिराज की शानदार गेंदबाजी से स्पष्ट हो गया कि इस सीनियर तेज गेंदबाज की फिटनेस को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है। अगर सिराज फिट नहीं होते तो उनके लिए चिलचिलाती धूप में अपनी पूरी ताकत से गेंदबाजी करना आसान नहीं होता। लेकिन उनकी गेंदबाजी को देखकर लगता है कि वह इस टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



### नेट प्रैक्टिस में बराड़ ने किया ध्यान आकर्षित

अभ्यास सत्र के दौरान 6 फुट 5 इंच लंबे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने अच्छी लेंथ से तेज उछाल हासिल की। कम से कम दो मौकों पर उनकी गेंद केएल राहुल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पीछे गई। राहुल इसके अलावा अभ्यास के दौरान तकनीकी रूप से काफी कुशल नजर आए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार ने कई चरणों में गेंदबाजी की। उन्होंने भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। नबी ने अपनी लाइन और लेंथ को बनाए रखते हुए अच्छा नियंत्रण बनाए रखा।

### हर्ष दुबे और मानव सुथार ने की नेट में गेंदबाजी

इस सत्र का एक उल्लेखनीय पहलू बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे को बल्लेबाजी करने का अधिक समय देना रहा। इससे पता चलता है की टीम प्रबंधन उनकी ऑलराउंड क्षमता का उपयोग करने के लिए उत्सुक है। दुबे और बाएं हाथ के स्पिनर के स्थान के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी मानव सुथार ने पास-पास के नेट में गेंदबाजी की। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर उन पर करीबी नजर रखे हुए थे। कप्तान शुभमन गिल समेत सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने प्रिंस यादव समेत रिजर्व गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर अच्छा खासा समय बिताया।




## खबर संक्षेप

### थाईलैंड के पूर्व पीएम को मिली शाही माफी



**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा ने शाही माफी मिलने के बाद अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियां पूरी कर ली हैं। उनकी पैरोल समय से पहले समाप्त कर दी गई। 76 वर्षीय नेता 2001 से 2006 तक पीएम रहे थे और सैन्य तख्तापलट के बाद लंबे समय तक निर्वासन में रहे थे। 76 वर्षीय अरबपति और लोकप्रिय नेता को पिछले महीने बैंकॉक की जेल से रिहा किया गया था। थाईलैंड के राजा महा वाचिरालोंगकोन द्वारा जारी किया गया माफी आदेश मंगलवार को रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ।

### जैसलमेर में पाक सिम कार्ड पर पूर्ण प्रतिबंध



**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर कारणों का हवाला देते हुए सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी सिम कार्ड के इस्तेमाल और पास रखने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अनुपमा जोरवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इंग्लैंड में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 की मौत



**लंदन।** ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने बुधवार कहा कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उसके तीन सदस्यों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर इंग्लैंड के डेवन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के प्रमुख जनरल ग्विन जेनकिंस ने कहा कि रॉयल नेवी का 'मर्लिन एमके4' हेलिकॉप्टर सुबह सोर्टन, डेवोन के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

## नई दिल्ली की प्रतिक्रिया, मामले पर अमेरिका के साथ जारी जरूरी संवाद

# भारत समेत 60 देशों पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की फिराक में अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




ईरान के साथ युद्ध के बीच अमेरिका भारत सहित दुनिया के कुल करीब 60 देशों पर 12.5% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। मामला बेहद संवेदनशील है, द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर एक अमेरिकी टीम इन दिनों भारत की यात्रा पर है। जिसे देखते हुए बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान जारी कर मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें बताया कि वह धारा-301 से जुड़ी हुई टैरिफ बढ़ाने की इस कवायद के मद्देनजर अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में बना हुआ है।

- द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भी चल रही चर्चाएं

साथ ही दोनों देशों के बीच होने वाले द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर भी हमारी चर्चाएं चल रही हैं। वहीं, इस प्रस्ताव को लेकर अभी परामर्श की प्रक्रिया चल रही है। मामले पर लिखित सुनवाई की अंतिम तारीख 6 जुलाई की रखी गई है। जबकि सार्वजनिक सुनवाई 7 जुलाई 2026 को होगी। जिसमें भाग लेने के लिए 22 जून तक अनुरोध किया जा सकता है।

### यूएस सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की व्यवस्था

बताते चलें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल के मध्य में 2 अप्रैल 2025 को भारत के अलावा दुनिया के लगभग 100 देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से नई दिल्ली पर विश्व में सबसे ज्यादा 50% टैरिफ लगाया था। जिसके चलते कुछ समय तक दोनों देशों के संबंधों में तनाव भी देखने को मिला था। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद में हालांकि टैरिफ में कटौती की गई, अब ये 10% पर बना हुआ है। इन सबके बीच अमेरिका के शीर्ष न्यायालय ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा विश्व भर में टैरिफ लगाने की व्यवस्था को रद्द कर दिया है। लेकिन अब वह एक बार फिर से इसे लागू करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जबरन मजदूरी को बनाया आधार

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा बीते मंगलवार को धारा-301 के तहत अतिरिक्त टैरिफ लगाने से जुड़ा यह प्रस्ताव अमेरिकी प्रशासन को सौंपा गया है। कार्यालय ने कहा कि इस धारा के तहत की गई जांच की रिपोर्ट में यह सामने आया है कि दुनिया के इन पांच दर्जन देशों ने अमेरिका को आयात की गई वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण में जबरन श्रम का इस्तेमाल किया है। साथ ही यह सभी देश इस मामले को पूरी तरह से समाप्त करने में विफल रहे हैं। यूएसटीआर के मुताबिक, यह अतिरिक्त टैरिफ मौजूदा 10% का स्थान ले सकता है या इसके साथ भी शामिल किया जा सकता है। 10% टैरिफ अमेरिका के व्यापार कानून की धारा-122 के तहत लगाया गया है। जिसकी समय अवधि 24 जुलाई को खत्म होने वाली है।

### इन देशों पर गिरेगी टैरिफ की गाज

अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी के दायरे में भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, इजरायल, मैक्सिको, सऊदी अरब, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देश आएंगे।

## भारत-नेपाल की मित्रता और गहरी होगी

# पीएम मोदी ने लामिछाने से की भेंट, सहयोग को बढ़ाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी) के अध्यक्ष रबि लामिछाने से मुलाकात की।

**पीएम बोले- नई सरकार के साथ संबंधों को देंगे नई ऊंचाई**

इस दौरान दोनों पक्षों ने साझा समृद्धि, विकास और क्षेत्रीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रबि लामिछाने के मुलाकात कर बहुत प्रसन्नता हुई। मैं साथ मिलकर साझा और समृद्ध भविष्य के निर्माण की इच्छा का पूरी तरह समर्थन करता हूं। भारत के लिए नेपाल उसकी 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' के तहत एक महत्वपूर्ण और प्राथमिक साझेदार है।

### 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत सहयोग

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। भारत और नेपाल के बीच सहयोग केवल राजनीतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, शिक्षा, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल के साथ घनिष्ठ सहयोग आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक व्यापक तथा मजबूत बना सकता है। मंगलवार को रबि लामिछाने ने गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की थी।

### भविष्य के विजन में सहभागी होगा नेपाल

पीएम मोदी के इस पोस्ट के जवाब में रबी लामिछाने ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ आज एक घंटे तक इतनी सार्थक चर्चा करना सचमुच बहुत ही सुखद रहा। भविष्य के लिए मैं आपके इस विजन में सहभागी हूं, जिसमें नेपाल और भारत अतीत की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए विकास की कूटनीति के एक नए युग को अपनाएंगे। साझा सभ्यतागत रिश्तों, डिजिटल कॉरिडोर और निर्बाध कनेक्टिविटी पर फोकस करके, हम वास्तव में एक ऐसी साझेदारी तैयार कर सकते हैं, जिसकी पहचान प्रगति और आपसी भरोसा हो।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर प्रहार

# आतंकियों से जुड़े मामलों में घाटी में छापेमारी, 8 स्थानों पर तलाशी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर




जम्मू और कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर शाखा ने आतंकवाद से संबंधित मामलों के सिलसिले में घाटी भर में कई स्थानों पर छापेमारी की। काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी नेटवर्क, स्लीपर सेल और भर्ती, कट्टरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों की चल रही जांच के सिलसिले में केंद्र शासित प्रदेश के 6 जिलों में 8 स्थानों पर तलाशी शुरू की है। पुलिस स्टेशन सीआईके श्रीनगर में एफआईआर दर्ज होने के बाद ये तलाशी अभियान चलाया गया। जांच में पता चला है कि संदिग्ध, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हैंडलर्स के साथ एन्क्रिप्टेड संचार प्लेटफार्मों के माध्यम से संपर्क में थे और आतंकी गतिविधियों में सहयोग कर रहे थे।

## भारत-किर्गिस्तान संबंधों को देंगे नई दिशा

# आर्थिक मजबूती के लिए उद्योग व्यापार, निवेश बढ़ाने पर ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कुमारस्वामी और बैकिट सिडिकोव

भारत-किर्गिस्तान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से राजधानी बिश्केक में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधियों और किर्गिस्तान सरकार के अर्थव्यवस्था एवं वाणिज्य मंत्री बैकिट सिडिकोव के बीच व्यापार, उद्योग और निवेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कुमारस्वामी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में हुई, जिसमें भविष्य में सहयोग के कई नए क्षेत्रों पर विचार किया गया। भारत के किर्गिस्तान में राजदूत एच.ई. बिरेंद्र सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी मामलों में ली तलाशी

*श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर शाखा ने आतंकवाद से संबंधित मामलों के सिलसिले में 8 स्थानों पर छापेमारी की। काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी नेटवर्क, स्लीपर सेल और भर्ती, कट्टरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों की चल रही जांच के सिलसिले में केंद्र शासित प्रदेश के 6 जिलों में 8 स्थानों पर तलाशी शुरू की है। पुलिस स्टेशन सीआईके श्रीनगर में एफआईआर दर्ज होने के बाद ये कार्रवाई की गई।*

## बुलेट ट्रेन परियोजना: तीसरी पर्वतीय सुरंग का निर्माण कार्य पूरा हुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि के रूप में महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानू तालुका के अंबेसारी गांव में तीसरी पर्वतीय सुरंग (एमटी-07) का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। बनकर तैयार हुई एमटी-07 पर्वतीय सुरंग 417 मीटर लंबी और 14.4 मीटर चौड़ी है। इस सुरंग की खुदाई दोनों सिरों से नियंत्रित ड्रिलिंग और विस्फोट विधि द्वारा की गई। निर्माण के दौरान उन्नत इंजीनियरिंग और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।



## देश के तीन शिपयार्ड ने कर दी है इन युद्धपोतों की नौसेना को डिलीवरी

3 युद्धपोत का निर्माण जीआरएसई और एक-एक युद्धपोत का निर्माण एमडीएल और सीएसएल ने किया है

# नौसेना के जंगी बेड़े में जल्द कमीशन होंगे पांच स्वदेशी युद्धपोत, बढ़ेगी मारक क्षमता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



चीन-पाकिस्तान की सीमा से मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच आगामी करीब एक से दो महीने के अंदर भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े की मारक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिसके पीछे की बड़ी वजह इस दौरान देश के प्रमुख शिपयार्डों गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा सौंपे गए पांच स्वदेशी युद्धपोतों (दूनागिरी, संशोधक, अग्रय, महेंद्रगिरी और मालवान शामिल) को नौसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन किया जाना है।

### नौसेना को अप्रैल, मई में मिले युद्धपोत

सूत्रों ने बताया कि इन पांच युद्धपोतों में से तीन का निर्माण कोलकाता स्थित शिपयार्ड जीआरएसई ने किया है। जिसमें दूनागिरी, संशोधक और अग्रय मुख्य हैं। दूनागिरी नौसेना की 17 अल्फा परियोजना में शामिल एक फ्रिगेट है। संशोधक बड़ा सर्वे जहाज है और अग्रे एक एंटी सबमरीन शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है। जीआरएसई ने इन तीनों युद्धपोतों की इसी साल अप्रैल महीने में नौसेना को डिलीवरी कर दी है। जबकि एमडीएल में बनाए गए महेंद्रगिरी की डिलीवरी नौसेना को पिछले मई महीने में की गई थी। इसके अलावा मालवान भी एक एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी पोत है। जिसे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने बनाया है और उसके द्वारा अप्रैल महीने में ही इसकी डिलीवरी नौसेना को कर दी थी।

### 60 दिनों में इन मसलों पर रहेगा ध्यान

नौसेना में किसी भी जहाज को शिपयार्ड द्वारा सौंपे जाने और फिर उसे औपचारिक रूप से कमीशन करने से पहले के समय में खासतौर पर युद्धपोत के समुद्री संचालन से जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू को फुलप्रूफ करने का काम किया जाता है। क्योंकि एक बार कोई युद्धपोत जब नौसेना के बेड़े में कमीशन या शामिल हो जाता है। तब इन तमाम मुद्दों पर ध्यान देने का समय नहीं होता है। उस दौरान युद्धपोत को उसकी संबंधित कमांड सीधे देश की समुद्री सीमाओं और उसके बाहर विदेशों में तैनाती के लिए भेजती रहती है। जबकि इन सबसे इतर पोत के समुद्री और अन्य जरूरी परीक्षण उसका निर्माण करने वाले शिपयार्ड द्वारा पूर्व में ही पूरे कर लिए जाते हैं। फिर उसकी समुद्री सेना को डिलीवरी की जाती है।

### पांच युद्धपोतों की खास बातें

- दूनागिरी-प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत बनाया गया नीलगिरी श्रेणी का पांचवां युद्धपोत है। जिसमें अत्याधुनिक स्टेल्थ तकनीक के अलावा ब्रह्मोस मिसाइल के साथ ही कई अन्य मारक हथियार लगाए गए हैं।
- महेंद्रगिरी-यह युद्धपोत नौसेना की 17 अल्फा परियोजना का आखिरी स्टेल्थ फ्रिगेट है।
- संशोधक-यह चार बड़े सर्वे जहाजों में से आखिरी है। 110 मीटर लंबाई और वजन 3,400 टन है। समुद्र में जहाज की गति 18 नॉट्स से अधिक रह सकती है।
- अग्रय-यह चौथा एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी है। लंबाई करीब 77 मीटर है। इसमें लगाए गए स्वदेशी रॉकेट लांचर, टारपीडो और उन्नत रडार की मदद से दुश्मन की पनडुब्बियों का समुद्र के अंदर तेजी से पता लगाया जा सकता है।
- मालवान-इसे सीएसएल ने बनाया है और यह दूसरा एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी है। जहाज की लंबाई 80 मीटर और कुल वजन 1,110 टन है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109